लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गणतंत्र दिवस विशेषांक

बुधवार 28 जनवरी, 2026 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 107 | www.janexpresslive.com/epaper

प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम पर इस्तीफे का नाटक? 05

## प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा बना मौत का जाल

- तीन दिन में दूसरा गंभीर हादसा, प्रशासन की चेतावनी रह गई नाकाफी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन की तमाम चेतावनियों और दावों के बावजूद यह जानलेवा मांझा लगातार लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। बसंत पंचमी के दौरान प्रशासन ने चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्ती दिखाई थी, लेकिन त्योहार बीतते ही निगरानी ढीली पड़ गई और इसके गंभीर परिणाम सामने आने लगे हैं। तीन दिन पहले ही चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक व्यापारी की गर्दन बुरी तरह कट गई थी। चिकित्सकों ने उसकी गर्दन पर 24 टांके लगाने पड़े थे, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस घटना की चर्चा अभी शांत भी नहीं हुई थी कि मंगलवार को गांधी स्टेडियम रोड पर एक और बड़ा हादसा हुआ। मंगलवार शाम लगभग चार बजे रालोद युवा विंग के जिलाध्यक्ष राम मिश्रा स्कूटी से अपने सोलर व्यवसाय से जुड़े कार्य के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल के पास पहुंचे, अचानक उड़ता हुआ चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में फंस गया। तेज धार वाले इस मांझे से घबरा कर राम मिश्रा की स्कूटी असंतुलित हो गई और वे सड़क पर गिर पड़े। राम मिश्रा ने बताया कि उस समय उनके पास ट्रैक सूट और ऊपर तक चेन लगी हुई थी, जिसने किसी हद तक उनके जीवन को बचाया। मांझा पहले ट्रैक सूट की कॉलर में फंसा, जिससे कॉलर कट गया और मांझा गर्दन तक पहुंचते-पहुंचते रुक गया। इसके बावजूद हाथ में चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद स्थिर बताया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सुरक्षा कवच न होता तो मांझा सीधे गर्दन काट सकता था और परिणाम बेहद गंभीर हो सकते थे। स्थानीय लोग प्रशासन की ढिलाई पर नाराज हैं। उनका कहना है कि मुख्य सड़कों पर राहगीर और दोपहिया वाहन चालक लगातार चोटिल हो रहे हैं, जो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती हैं। तीन दिन में दो गंभीर हादसे सामने आने से यह साबित होता है कि प्रतिबंध के बावजूद निगरानी और कार्रवाई की मौजूदा व्यवस्था नाकाफी है।

### मांझे के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए

आमजन ने प्रशासन से मांग की है कि चाइनीज मांझे के खिलाफ फिर से सख्त अभियान चलाया जाए। ताकि किसी की जान जाने से पहले इस जानलेवा खेल पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। शहरवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसे नजरअंदाज करना भविष्य में बड़ी दुर्घटनाओं को न्योता देने के समान होगा।

# भारत-यूरोपीय यूनियन में 18 साल बाद ट्रेड डील


## इम्पोर्टेड लग्जरी कारों पर टैरिफ 110% से घटकर 10%, प्रीमियम शराब पर 150% की जगह 20% टैक्स

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच 18 साल की लंबी बातचीत के बाद मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो गया है। भारत और यूरोपीय यूनियन के नेताओं ने 16वें भारत-ईयू समिट के दौरान इसका ऐलान किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्लू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110% से घटाकर 10% कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150% टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20-30% किया जाएगा। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ईयू दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25% और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं।

### इम्पोर्टेड कारें भारत में सस्ती होंगी

भारत में अब यूरोप से इम्पोर्ट होने वाली कारें सस्ती हो जाएंगी। भारत सरकार ने यूरोप से आने वाली कारों पर लगने वाले इम्पोर्ट ड्यूटी को 110% से घटाकर 10% कर दिया है। हालांकि, सरकार ने इसके लिए 2.5 लाख गाड़ियों की सालाना लिमिट तय की है। ये फैसला भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का हिस्सा है। इस एग्रीमेंट का ऐलान आज (27 जनवरी) को भारत-ईयू समिट में किया गया। करीब 20 साल चली लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने इस समझौते को अंतिम रूप दिया है। इसे 2027 तक लागू किया जाएगा।



### मोदी बोले, यह डील भारत-ईयू के रिश्तों का नया अध्याय

भारत-यूरोपीय फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट पर पीएम मोदी ने कहा, 'कल एक ऐतिहासिक क्षण था जब यूरोपीय यूनियन के नेताओं ने पहली बार भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया। आज एक और ऐसा ही क्षण है, जब दो प्रमुख लोकतांत्रिक शक्तियां अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रही हैं।' पीएम मोदी ने कहा कि 27 जनवरी को भारत ने यूरोप के 27 देशों के साथ यह एफटीए साइन किया है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नई इनोवेशन साझेदारियां बनेंगी और वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन मजबूत होगी। यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि का रोडमैप है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता एक साफ दिशा और एजेंडा तय करेगा और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाएगा। इससे लोगों के बीच आपसी रिश्ते और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय यूनियन का सहयोग आज की वैश्विक व्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस समझौते के तहत भारत और यूरोपीय संघ मिलकर आईएमईए कॉरिडोर को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में वैश्विक व्यवस्था को लेकर उथल-पुथल है, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार बहुत जरूरी हो गया है।

### भारतीय निर्यात को फायदा

- भारत के 99% से ज्यादा साधन अब यूरोपीय देशों में कम या बिना टैक्स के सिकेंगे।
- कपड़ा चमड़ा, मछली, ज्वेलरी सेक्टर्स में 33 डॉलर के निर्यात को सीधा फलादा

### इन सामानों पर लगने वाला टैक्स एफटीए लागू

- कार और ऑटो सेक्टर में सीमित छूट, ताकि भारतीय कंपनियों को नुकसान नहीं।

### किसानों के हितों का ख्याल

- भारत ने दूय, अनाज, पोल्ट्री फल-सब्जी जैसे क्षेत्री

### प्रोफेशनल्स को फायदा

- भारतीय आईटी प्रोफैवानल और एजुकेशन सर्विसेज को ईयू में बड़ा बाजार मिलेगा।
- भारतीय कंपनियों और प्रोफेशनामर को बैंक 144 समिस सेक्टर्स में काम करने का मौका) ईयू भारत के आर सर्विस सेक्टर्स में एंट्री मिलेगी।
- भारतीय प्रोफेशनल्स को में काम और बिजनेस के लिए आना आसान होगा।
- डिजिटन ऐसेंट, ऑनलाइन सेवाएं और नई तकनीक को बाक मिलेगा।

### समझौते से यूरोप को क्या फायदा?

- यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। इससे भारत में यूरोपियन शराब सस्ती मिलेगी।
- बीएमडब्लू, मर्सिडीज, पॉर्श जैसी यूरोपीय प्रीमियम कार कंपनियों के लिए भारत में बिक्री आसान होगी।
- अभी इन कारों पर 110% टैक्स लगता है, जो डील के बाद 40% और आगे चलकर 10% तक आ सकता है।
- सरकार ने 15,000 यूरो से महंगी कुछ यूरोपीय कारों पर तुरंत टैक्स घटाने पर सहमति दी है।
- यूरोप की आईटी, इंजीनियरिंग, टेलीकॉम और बिजनेस सर्विस कंपनियों को भारत में ज्यादा काम मिलेगा।

### समझौते से भारत को क्या फायदा?

- भारतीय कपड़े, जूते और लेदर प्रोडक्ट्स पर लगने वाली 10% ड्यूटी कम या खत्म हो सकती है। भारतीय गारमेंट, लेदर और फुटवियर सेक्टर को फायदा होगा।
- फ्रांस, जर्मनी जैसे ईयू देश भारत में डिफेंस फैक्ट्रियां लगा सकते हैं। इससे भारतीय हथियार कंपनियों को ईयू के डिफेंस फंड्स तक पहुंच मिल सकती है।
- फार्मा और केमिकल सेक्टर में भारत का व्यापार हर साल 20-30% तक बढ़ सकता है, क्योंकि दवाओं की मंजूरी और नियम आसान होंगे।
- यूरोप के कार्बन टैक्स से भारत को राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे स्टील, एल्युमिनियम और हाइड्रोजन जैसे सेक्टर को फायदा होगा।

## यूपी में यूजीसी पर घमासान

### श्रावस्ती-रायबरेली में भाजपा नेताओं का इस्तीफा, चूड़ियां भेजकर जताया विरोध

जन एक्सप्रेस। श्रावस्ती

यूजीसी बिल के विरोध में स्वर्ण समुदाय का असंतोष लगातार बढ़ रहा है। यूजीसी के विरोध में मंगलवार को श्रावस्ती में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजकिशोर पांडेय ने इस्तीफा दे दिया। वहीं, भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का बहिष्कार किया। इस्तीफा के संबंध में बातचीत करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक राजकिशोर पांडेय ने बताया कि भाजपा सभी की पार्टी है और सभी धर्म व जाति के लोग इससे जुड़े हैं लेकिन यूजीसी में सवर्ण को अलग कर दिया गया है। राजकिशोर पांडेय ने बताया कि यूजीसी के नए प्रावधानों से कॉलेजों में मारपीट की घटनाएं बढ़ जाएंगी। सवर्ण छात्रों के साथ जब भेदभाव व दुर्व्यवहार होगा तो मारपीट पूरी तरह से संभव है। भाजपा सबका साथ सबका विकास के नारे से मुकर गई है और सामान्य वर्ग को छोड़ दिया है।

स्वच्छ गंगाघाट | सुन्दर गंगाघाट

कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

नगर गंगाघाट को बनाये नं0-1 नागरिकों से अपील

1. देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगें। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगें और देश की रक्षा करने वालों का सामान करेंगे।
2. यह नगर आपका है। नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने में पालिका का सहयोग करें। सार्वजनिक सम्पतियों नुकसान न पहुंचायें।
3. जल अमूल्य है। आवश्यकतानुसार ही जल का दोहन करें।
4. गंगा में फूल माला व अन्य सामग्री विसर्जित न करें, गंगा में फूल माला व अन्य सामग्री विसर्जित करते हुये पाये जाने पर 1000रूपये तक जुर्माना वसूल किया जायेगा।
5. स्वकर योजना का लाभ उठाये तथा अपना गृहकर स्वयं निर्धारित करें एवं पालिका के गृहकर जलकरध्जल मूल्य आदि समस्त देयको का भुगतान समय से कर छूट का लाभ उठायें।
6. नगर के सार्वजनिक मार्गो, नालियों आदि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण कर अवरोध उत्पन्न न करें। पालिका नियमावली के अन्तर्गत दण्डनीय है।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण में भारत सरकार की ओर से नियुक्त सर्वेकर्ताध्आब्जर्वर द्वारा सफाई से सम्बन्धित प्रश्नों पर नागरिकों का पॉजिटिव फीडबैक हो।

सममस्त सदस्यगण, न0पा0प0 गंगाघाट, उन्नाव | अधिशासी अधिकारी, न0पा0प0 गंगाघाट, उन्नाव | कौमुदी पाण्डेय, अध्यक्ष, न0पा0प0 गंगाघाट, उन्नाव






# कलयुगी डॉक्टर रूपी राक्षस ने मासूम को बना दिया अपाहिज

## रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के डाक्टर विनीत की संवेदनहीनता के चलते मासूम को गंवाना पड़ा पैर

**खड़े होकर अपने पिता के आंगन में खेल भी नहीं पायी मासूम। हैवानों ने बना दिया हमेशा - हमेशा के लिए विकलांग**

**पीड़ित माता-पिता ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार**

जन एक्सप्रेस । बांदा

आपको बताते चलें कि मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पडुई गांव निवासी अनिल की पांच वर्षीय पुत्री मानवी 23जनवरी की रात छत से गिर गयी थी जिससे उसके जांघ की हड्डी टूट गई थी और उसे ईलाज के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उसका ईलाज विनीत सिंह ने किया और आपरेशन के लिए 30जनवरी की तारीख नियत की मां का आरोप है कि हमसे पंद्रह हजार रूपए भी आपरेशन के लिए जमा कराए। लेकिन 23 तारीख को डाक्टर ने हमारी बच्ची मानवी का गलत तरीके व टाइट पट्टी बांध देने की वजह



से पांव की नसों में ब्लाकिंग हो गई इससे नशों ने काम करना बंद कर दिया और पैर काला पड़ गया सडन पैदा हो गई। लेकिन इस दौरान डाक्टर व उसके वार्ड ब्वाय ने एक भी बार चेक नहीं किया। लेकिन जब आपरेशन की नियत तारीख आयी तो पट्टी खोलकर देखा की मानवी का पैर काला पड़ गया सडन पैदा हो गई।आनन फानन में मानवी को लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया।मानवी के गरीब माता पिता बेचारे मानवी को लेकर लखनऊ पहुंचे और केजीएमयू में भर्ती कराया जहां एक अच्छे डाक्टर की टीम ने बताया कि पैर को गलत तरीके से बांधने व केयर/ईलाज न करने से पैर की नशें ब्लाक हो गई और उन्होंने काम करना बंद कर दिया और पैर में सड़न भी शुरू हो गई है अगर बच्ची की जिंदगी बचानी है तो पैर काटना पड़ेगा।हारे थके मां बाप कर ही क्या सकते थे। और एक भयावह राक्षस की काली करतूत से एक मासूम जिसने अभी तक खड़े हो अपना ठीक से बचपन तक नहीं देखा उसे कलयुगी राक्षस ने हमेशा हमेशा के लिए अपाहिज बना दिया। दिन मंगलवार को जिलाधिकारी से शिकायत करने आए पीड़ित मासूम के माता-पिता ने रो-रोकर जिलाधिकारी को अपना दर्द बताया जिलाधिकारी ने कार्यवाही हेतु मामले में जांच शुरू करा दी है।

फोटो न0-1

## चौराहा सुंदरीकरण की आखिरी नोटिस की अवधि हुई पूरी

जन एक्सप्रेस । बांदा

बबेरू कस्बे के मुख्य चौराहा सुंदरीकरण की आखिरी नोटिस की अवधि पूरी, दुकान मकान स्वयं व्यापारी तुड़वाने में जुट गया है। आखिरी नोटिस की अवधि पूरी होने पर चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण खुद हटाने के लिए एनाउंसमेट किया गया है।

बबेरू कस्बा के पांच प्रमुख मार्गों का चौराहा सुंदरीकरण के दायरे में आ रहे। मकान दुकान वालो ने खुद चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटाना चालू कर दिया है। सिर्फ अफवाहों की वजह से असमंजस में फंसे कुछ दुकानदार अभी हटाना नहीं चालू किया है। बल्कि जिनका मकान दुकान सब जा रहा है। वह भी खाली करने में लगे है। कुछ लोगों को उम्मीदें लगी है कि कोई फरिश्ता आएगा, सड़क का मानक कम करा देगा।

एनाउंस से वह भी उम्मीदें खत्म हो गई। पीडब्ल्यूडी विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पैमाईश कर लाल पेंट से निशान लगाने के बाद पहली नोटिस 8 जनवरी को बांटी थी।



जिसमें 7 दिन की मोहलत दी गईं थी। दूसरी नोटिस 18 जनवरी को बांटी थी। चौराहा पांचों मार्ग के सेंटर में जहां चौराहा है वही बनाने को लेकर 6 दिनों तक आंदोलन चला, कोई अधिकारी सुनने तक नहीं आया तब सांसद को बुलवाकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। 18 जनवरी को बांटी गई नोटिस को चौराहा सर्किल के दायरे में आ रहे कई दुकानदार, मकान वालों ने नोटिस लेने से इन्कार कर दिया था, पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने उनके घर, दुकान में नोटिस चस्पा किया था, जिसमे 3 दिन की मोहलत लिखी हुई थी।

चिन्हित स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण हटाने की बात लिखी थी ।वहीं प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटाने पर भू राजस्व की तरह वसूली करने की चेतावनी भी लिखी थी। तीसरी नोटिस 23 जनवरी को चौराहा समेत रोड सेफ्टी के दायरे आ रहे पांचों मार्गो पर एक ही दिन में बांटी गई है। जिसमे 3 दिन की मोहलत लिखी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार यह आखिरी नोटिस है, स्वयं चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटा ले, अंतिम नोटिस की अवधि मंगलवार को पूरी होने पर नगर पंचायत की गाड़ी द्वारा एनाउंस के माध्यम से चेतावनी दी गई कि चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण खुद हटा ले। प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटाने पर वसूली की जाएगी।सबसे बड़ी खास बात यह कि अदभुत शिव मंदिर में तीन बार की 9 नोटिस चस्पा है, अदभुत शिव मंदिर आस्था श्रद्धा का केंद्र है,इसी मंदिर में शारदीय नवरात्रि का पर्व,गणेश चतुर्थी का महोत्सव,महाशिवरात्रि का उत्सव, रामनवमी महोत्सव का पर्व मनाया जाता है। एनाउंस के अनुसार क्या शिव भगवान,हनुमान जी महाराज व नंदी बाबा अपना चार मंजिला मंदिर खुद हटाएंगे।नहीं हटा मंदिर तो प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

अब देखना है कि प्रशासन मंदिर को हटाने से पहले पुनर्निर्माण की कार्यवाही करता है कि नहीं। विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शिवविलास शर्मा ने मंदिर को बचाने की मांग किया और घर से बेघर हो रहे लोगों को आवास दिलाए जाने की मांग की है।

## 15 मार्च तक आवेदन कर लें मानधन योजना का लाभ: आर.के. गुप्ता

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के अंतर्गत विशेष पंजीकरण अभियान आगामी 15 मार्च तक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में संचालित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। जिसमें असंगठित क्षेत्र में नियोजित कर्मकारों एवं लघु व्यापारियों को लाभान्वित किया जाना है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना उन श्रमिकों के लिये एक सुरक्षा कवच है, जिनके पास वृद्धावस्था के लिये कोई अन्य सहारा उपलब्ध नही है। इसके अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के सभी कर्मकार जैसे धोबी, दर्जी, माली, मोची, नाई, बुनकर, कोरी, जुलाहा, रिक्षा चालक, घोलू कर्मकार, कूडा बीनने वाले कर्मकार, हाथ ठेला चलाने, फुटकर सब्जी विक्रेता, फुटकर व्यापारी, कुली, जनरेटर लाइट उठाने वाले, कैटरिंग में काम करने वाले, फेरी लगाने वाले, मोटर



साइकिल/साइकिल मरम्मत करने वाले, गैराज कर्मकार, परिवहन में लगे कर्मकार, आटो चालक, सफाई कामगार, ढोल बाजा बजाने वाले, टेन्ट हाउस में काम करने वाले, मछुआरा, तांगा/बैलगाडी चलाने वाले, गाडीवान, अगरबत्ती बनाने वाले कामगार घरेलू उद्योग में लगे कार्मकार, भडभूजे/मुर्रा चना फोडने वाले, पशुपालन/मत्स्य पालन/मुर्गी/बत्तख पालने वाले, दुकानों में काम करने वाले ऐसे मजदूर जो ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. से आवर्त न हो, ऐसे कर्मकार स्वयं से अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र से योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते है। पंजीयन कराने के लिए असंगठित कर्मकार की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा वह ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. से आवर्त न हो। साथ ही उसकी मासिक आय 15000 रुपये से अधिक न हो, ऐसे सभी कर्मकारों को 18 से 40 वर्ष तक आयु के अनुसार 55 से 200 रुपये प्रतिमाह जमा किये जाने का प्राविधान है।

इसमें पंजीकृत होने वाले असंगठित कर्मकरो को 60 वर्ष की आयु होने के बाद 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देय है। इसी तरह प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के अन्तर्गत वार्षिक टर्नओवर 1.5 करोड़ (डेढ़ करोड़) तक वाले सभी लघु व्यापारी/दुकानदार राष्ट्रीय पेंशन योजना के अन्तर्गत बोर्ड की बेवसाइट एवं जन सुविधा केन्द्र पर जाकर या श्रम विभाग, चित्रकूट में आकर अपना पंजीयन कराकर 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन पा सकते है। उन्होंने असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी कर्मकरों तथा लघु व्यापारियों से अपील की है कि अपना पंजीयन कराकर भारत सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## रामलीला मेले में फायरिंग और मारपीट, वर्चस्व की लड़ाई में तीन घायल, गंभीर हालत में झांसी व उरई रेफर

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर के परा गांव में रामलीला मंचन के दौरान दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग हुई, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र में रामलीला में वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें फायरिंग से एक व मारपीट में दो गंभीर रूप से घायल हुए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के परा गांव निवासी पृथ्वीराज (40) पुत्र मुन्नीलाल ने बताया कि उनके गांव परा में मेला चल रहा है। इसमें सोमवार रात को रामलीला का मंचन



चल रहा था।

तभी कुछ लोग आए और रामलीला में व्यवधान उत्पन्न करने लगे। विरोध करने पर युवक ने तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली उनके दाहिने पैर में लग गई। वहीं महोबा जिले के खरेला थाना क्षेत्र के बल्लाय गांव निवासी प्रदीप कुमार (28) ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ रामलीला देखने आए थे। यहां कुछ ग्रामीण पहले से घात लगाकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर बैठे हैं। उन लोगों के पहुंचते ही मारपीट करने लगे।

तहरीर पर दर्ज की जाएगी प्राथमिकी

मारपीट में प्रदीप व चरखारी कोतवाली के अनघौरा गांव निवासी बृजकिशोर (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस 108 एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाई। डॉक्टर ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पृथ्वीराज को मेडिकल कॉलेज झांसी, प्रदीप व बृजकिशोर को उरई रेफर किया गया है। कोतवाल राकेश कुमार ने कहा कि तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## जिले में उत्साह के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिले में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस ऐतिहासिक उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुआ, जहां जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इसके साथ ही पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। कलेक्टरेट एवं कैंप कार्यालय में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने ध्वजारोहण किया। साथ ही सामूहिक राष्ट्रगान के बाद उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना और देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान कलेक्टरेट परिसर में एनडीआरएफ द्वारा लगाए गए स्टॉल का डीएम ने कर आपदा प्रबंधन में प्रयुक्त होने वाले अत्याधुनिक उपकरणों की जानकारी ली तथा विपरीत परिस्थितियों में टीम द्वारा किए जाने वाले साहसिक प्रयासों की सराहना की।

इसके बाद डीएम ने पटेल तिराहा में भी ध्वजारोहण किया तथा 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में डीएम ने अपनी धर्मपत्नी के साथ जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्य चिकित्सा अधिक्षक शैलेश कुमार को सफाई व प्रकाश की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस मौके पर एडीएम चन्द्रशेखर, अरुण कुमार, स्वप्निल कुमार यादव, एएसडीएम अजय कुमार, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम सौरभ यादव, पूजा गुप्ता, अपना दल-एस के हेमराज सिंह, रामसिया पटेल आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली तथा डीएम पुलकित गर्ग ने ध्वाजारोहण किया। डीएम व एसपी ने परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद परेड द्वारा हर्ष फायर करते हुए मार्च पास्ट निकाला गया। एसपी



द्वारा परेड को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि वर्तमान लोकतांत्रिक भारत हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समर्पण एवं बलिदान का प्रतिफल है। हमारा संविधान आशा की किरण है और न्याय, स्वतंत्रता व भाईचारे का प्रतीक है, जो अतीत की चुनौतियों से हमारा मार्गदर्शन करता है एवं हमारे भविष्य को आकार देने का काम करता है। गणतंत्र दिवस इस महान देश के नागरिक के रुप में अपने कर्तव्यों के बारे में सोचने का शुभ दिन है। इस दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस को प्रशंसा चिन्ह (हीरक) एवं राष्ट्रपति द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह को विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया।

साथ ही डायल 112 निरीक्षक शम्भू दयाल, साइबर थाना प्रभारी रीता सिंह, थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक राम सिंह को उत्कृष्ट सेवा पदक, मुख्य आरक्षी चालक कुन्ज बिहारी व वहीद खान को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द वर्मा, फहद अली, उपनिरीक्षक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, मो0 इकराम खां, चन्द्रकान्त शुक्ला, पवन कुमार आदि को महाकुंभ 2025 में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सुरक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा वर्ष 2025 में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। एसपी ने डीएम, जनपद न्यायाधीश एवं सीडीओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल पूर्व सासंद भैरोप्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, सदर विधायक अनिल प्रधान, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज बेड़ीपुलिया गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न झाँकियों एवं घोषदल के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 की छात्रा नैन्शी द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक श्याम सुंदर मिश्र, प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय, शशांक मिश्र, मोतीलाल पटेल, नितिन कुमार, डॉ. श्याम सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक लोकेन्द्र, समाजसेवी जगदीश प्रसाद गौतम, डॉ. राम नारायण त्रिपाठी, पूर्व प्रबंधक डॉ. राजकिशोर पाण्डेय, उपप्रबंधक ठाकुर नारायण श्रीवास्तव, सर्वव्यवस्था प्रमुख शिवनायक, अनुशासन अधिकारी प्रशांत, विश्वास पाण्डेय, सुशील, शिवप्रकाश त्रिपाठी, दादूराम, लवलेश, शिवसागर यादव, विद्यासागर, रवि, हर्ष, प्रदीप, सुधाकर, ज्योति, आराधना, रागनी, मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा सामूहित राष्ट्रगान किया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. ललित कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर कुलगुरु की धर्मपत्नी डॉ. सुषमा चौबे, कुलसचिव प्रो. आर. सी. त्रिपाठी, प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. सूर्यकांत चतुर्वेदी, प्रो. नंदलाल मिश्रा, प्रो. आञ्जनेय पांडेय, प्रो. एच. एस. कुशवाहा, जबलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्रा, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भरतकूप नगर में श्री बालकृष्ण इण्टर कॉलिज से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों, राष्ट्र की एकता-अखंडता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ समाज के प्रति दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल सिंह, विभाग संगठन मंत्री अतुल, प्रांत प्रचार प्रमुख अमित, कार्यक्रम संयोजक प्रशांत त्रिपाठी, नगर मंत्री शिवरामपुर पवन गुप्ता, तहसील सह संयोजक पियूष त्रिपाठी, नगर मंत्री कर्वी आनंद जायसवाल, नगर सह मंत्री अंश प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय मानिकपुर में गणतंत्र दिवस का के अवसर पर प्राचार्य राजेश बाबू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड एवं आरोह फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से पहाड़ी ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरेठी में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने संस्था द्वारा कराए जा रहे सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों की सराहना की। इस मौके पर संस्था के परियोजना समन्वयक योगेश साहू, सत्यजीत सिंह, अभिषेक भदौरिया, अंशुल पाठक, निधि सेठिया आदि मौजूद रहे।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होकर अभय ने रोशन किया नाम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

ऐंचवारा गांव के निवासी स्व गोविंद प्रसाद शुक्ल के नाती



अभय शुक्ल का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। अभय शुक्ल का हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में चयन हुआ है। अभय ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर कर्वी चित्रकूट से तथा बीए और एमए की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से की है। पढ़ाई के दौरान ही अभय ने दिल्ली विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित जूनियर रिसर्च फेलोशिप की परीक्षा उत्तीर्ण की और दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे है। अभय ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता शशिप्रभा और पिता बुद्ध विलास शुक्ल और अपने भाई अनुराग शुक्ल को दिया है।

## ओपन माइक शो का किया भव्य आयोजन बुंदेलखंड के क्रिएटरों का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस । बांदा

बबेरू कस्बे के नीलम पैलेस में भव्य ओपन माइक शो का किया गया आयोजन, बुंदेलखंड के क्रिएटरों का सम्मान किया गया। बबेरू कस्बे के कमासिन रोड स्थित नीलम पैलेस मैरिज हाल में टॉक विथ जनपद के द्वारा भव्य ओपन माइक शो का आयोजन किया गया है। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर धनंजय सिंह नटराज संगीत महाविद्यालय के प्रबंधक वी मुख्य अतिथि विख्यात कवि रामकरण साहू सजल रहे।


बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को मंच के माध्यम से प्रदर्शन करवाना था, वही विशेष आकर्षण तुनक तुनक तुन्ना गीत के लेखक महाराज सिंह लोधी, अभिनेता रोशन राजपूत के आयोजन में उनके संघर्ष को सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजन उमर अली नीलम पैलेस मैरिज हॉल के मालिक, सहयोगी विष्णु डेकोरेशन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अमन यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, कि कलाकारों को निकालकर जो किसी कारण बस मंच पर नहीं आ पाते, कार्यक्रम के दौरान बबेरू टीम में अजय राणा, माही अमरजीत यादव, नरेंद्र निषाद, सौरभ चक्रवर्ती, क्रिएटर लक्ष्मी पटेल, टिंकू कॉमेडी, जयदीप तिवारी, टीम में मौजूद रहे। वहीं डालचंद्र अकेला,अखिलेश ने बताया कि टीम के द्वारा ऐसा बताया गया है,कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहें। जिससे क्रिएटरों को सम्मान मिलता रहे।

## क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान के बदले मिली देश को आजादी: राजेश दीक्षित

### जिला कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

जन एक्सप्रेस । बांदा

गुणतंत्र दिवस के मौके पर जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में 77वा गणतंत्र दिवस संविधान दिवस के रूप मे कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कर व शपथ लेकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बतलाया कि क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान के बदौलत देश को आजादी मिली, लाहौर के रावी नदी के तट पर कांग्रेस महाधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की अध्यक्षता में पूर्ण गणराज्य का प्रस्ताव पास हुआ और देश के अन्दर 26 जनवरी 1930 को कांग्रेस के द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया गया, 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ और देशवासियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत व्यापक अधिकार प्राप्त हुए। पीसीसी



पवन देवी कोरी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश, बल्देव वर्मा, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, छेदीलाल धुरिया, मुन्नीलाल प्रजापति, गीतारानी, राजाबाबू अरसौडा,सुरेश धुरिया,नरेन्द्र कुमार गुप्ता आदि प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आए हुए समस्त कांग्रेस जनों का आभार शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह द्वारा किया गया तथा गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला उपाध्यक्ष डा. संजय द्विवेदी दनादन ने किया।

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
धर्मेंद्र कुमार वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-नारायणपुर मिश्र
क्षेत्र पंचायत - हरैया

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
अजय कुमार सिंह
विधायक
विधानसभा - हरैया

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
अशोक कुमार सिंह
वरिष्ठ सपा नेता
विधानसभा 307 हरैया

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
जय करन सिंह
समाज सेवी
सुमेरपुर, हमीरपुर

कार्यालय नगर पंचायत
निघासन लखीमपुर-खीरी
गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनायें।
इस अवसर पर हम नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करते है।
01. जल अमूल्य है इसकी बचत करें और बिना उपयोग नलों की टॉटिया खुली न छोडे।
02. सड़कों पर मवेशियों को न बांधे इससे सडकें खराब होती है।
03. कूड़ा सड़क पर न डालें उसको कूड़ेदान में डालकर नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
04. अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोडे इससे नगरवासियों को परेशानी होती है।
05. डोर टू डोर कूडा कलेक्शन में लगे सफाई कर्मचारियों को गीला कूडा, सूखा कूडा अलग–अलग करके दे।
समस्त सदस्यगण
श्रीमती रामश्री, श्री श्याम सुन्दर, श्री गुड्डू राज, श्री अमित वर्मा, श्री राम खेलावन, श्रीमती सुमन देवी, श्री उमेश मौर्या, श्री दयाशकंर पाल, श्री मुन्ना खान, श्री बाबू राम मौर्य, श्रीमती गायत्री देवी, श्री असलम खान, श्री विनोद कश्यप, श्रीमती नीलू गिरि, श्रीमती शिव देवी।
दिनेश शुक्ला
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन खीरी
बद्री प्रसाद मौर्य
अध्यक्ष
नगर पंचायत निघासन खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय मौर्य, सचिव
वीरपाल, सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील पंकज, सचिव
शालिनी पाण्डेय, सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उपदेश वर्मा, सचिव
स्वाती लोधी, सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी

चिराग मल्टीस्पेशियेलिटी
हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर
अब दूरबीन विधि से बिना चीरा लगाए पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स, बच्चेदानी में गाँठ, ओवरी में गाँठ, बच्चेदानी और अन्य सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
सर्जन
डॉ. आनन्द कुमार
9696446020
डॉ. मनीष गुप्ता
डॉ. विनीता कटियार
बच्चों के डॉक्टर
डॉ. विमल वर्मा
N.B.B.S., D.C.H., DNB (Delhi)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सेवाऐं
- सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- नवजात शिशु एवं 18 वर्ष तक के बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों का सफल इलाज
- सभी प्रकार के ऑपरेशन बच्चे एवं महिलाओं की बीमारी का सफल इलाज
- मूत्र रोग संबंधी इलाज
- गुर्द,पेशाब की नली में पथरी और प्रोस्टेट(गदूद) का इलाज और ऑपरेशन की सुविधा
- पित की थैली, अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसिल, फिस्टुला, बवासीर एवं
- सभी प्रकार के पेट के ऑपरेशन की सुविधा
- सभी प्रकार के हड्डी रोग और सभी प्रकार के हड्डी के ऑपरेशन और प्लास्टर की सुविधा
24/7 EMERGENCY
संरक्षक अजय कुमार गुप्ता पूर्व प्रधान- ग्राम पंचायत रकेहटी, खीरी 8299604891
8931909806
पता:निघासन-लखीमपुर रोड, निकट रिलायंस पेट्रोल पम्प,निघासन खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन द्विवेदी, सचिव
नवीन राठौर, सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला पंचायत इंटर कालेज
निघासन खीरी
पंकज गुप्ता, प्रधानाचार्य
मनोज कुमार, लिपिक

DOON PUBLIC SCHOOL
IN LOVE-IN TRUTH
Happy Republic Day 2026
DOON Public School

टी०पी०आर०एस० एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
निकट छोटी देवी मन्दिर, मोहम्मदी–खीरी
आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रबंधक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव मुन्नी देवी गया सिंह रंजना सिंह गायत्री महाविद्यालय
रकेहती खीरी
द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कालेज
पलिया रोड निघासन खीरी
एस एम डी गायत्री पब्लिक स्कूल
लालपुर रोड निघासन खीरी
विनोदसिंह, प्रबंधक
बृजभूषण सिंह, व्यवस्थापक
अंकुर पाण्डेय, प्रधानाचार्य

26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
NEW NCI PUBLIC SCHOOL
9839286724 | 9839286724
Block Road Mohammadi Kheri

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
कृषक समाज इंटर कालेज
लखीमपुर रोड गोला गोकर्णनाथ खीरी।
रवि प्रकाश वर्मा
प्रबंधक
पूर्व सांसद/सांसद राज्यसभा गोला गोकर्णनाथ खीरी।
अनंत प्रकाश सरोज
प्राचार्य
कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला खीरी।

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
ब्रेनट्री पब्लिक स्कूल
मोहम्मदी - खीरी

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
शमशुल हसन
सभासद मोहल्ला हिदायत नगर
वार्ड 24 नगर पालिका लखीमपुर खीरी।

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
अब्दुल हसीब उर्फ पुत्तन
प्रधान ग्राम पंचायत बड़ागांव
ब्लाक नकहा जिला लखीमपुर खीरी।

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
राजेश शुक्ला
लेखपाल
लखीमपुर-खीरी

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
राज नरसिंग होम
डॉ अंकित श्रीवास्तव
गोला रोड लखीमपुर खीरी

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
भाजपा वरिष्ठ नेता
प्रदेश सयोजक
कुंवर राजराजेश्वर सिंह
झंडी राज निघासन लखीमपुर खीरी

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
मर्सी हास्पिटल
डॉ मेराज डॉ शानू
डॉ ओशामा
नव भारत के सामने निघासन रोड लखीमपुर-खीरी

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
सत्येन्द्र वर्मा
चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल
ग्रामसभा ओदरहना महेवागंज लखीमपुर-खीरी

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
26 January REPUBLIC DAY
प्रधान
जुलेखा बानों
पति वशीम
ग्राम सभा ओदरहना ब्लाक फूलबेहड़ लखीमपुर-खीरी

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
26 January REPUBLIC DAY
प्रीति तिवारी
रेड रोज चिल्ड्रेन्स एकेडमी स्कूल
निघासन रोड लखीमपुर-खीरी

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
अजमानी इण्टरनेशनल स्कूल
जस्मीत सिंह उर्फ बिक्की भैया, प्रबंधक
एल.आर.पी.रोड लखीमपुर खीरी
प्रिंस सलूजा, प्रिंसिपल

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
अजमानी पब्लिक स्कूल
सीतापुर रोड लखीमपुर खीरी
हरबंस सिंह
प्रबंधक

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
संतोष तिवारी (राजू)
अध्यक्ष
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ तिलोई अमेठी
प्रधान प्रतिनिधि गड़ेहरी

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
सुश्री सुनहरा
जिला संवाददाता
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस समाचार पत्र
लखीमपुर खीरी मो0.नं0.7678821315

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
संतोष तिवारी (राजू)
अध्यक्ष
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ तिलोई अमेठी
प्रधान प्रतिनिधि गड़ेहरी

# तेजस विमान की झलक संग निकली भव्य झांकी,गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति से सराबोर रहा तिलोई क्षेत्र

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी



खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।प्रातः 8:30 बजे माननीय जिलाधिकारी के आह्वान पर विद्यालय के 31 सदस्यीय बैंड दल ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान की सुमधुर धुन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।जिलाधिकारी संजय चौहान के समक्ष बच्चों ने ड्रम सोलो के माध्यम से ÷सारे जहाँ से अच्छा÷ की प्रभावशाली प्रस्तुति दी,जिससे वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डीएम ने विद्यालय के बैंड प्रशिक्षक राहुल शुक्ल को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ.रामकरुप तिवारी ने ध्वजारोहण कर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद स्काउट्स और गाइड के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और अनुशासनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रमों के उपरांत चयनित विद्यार्थियों द्वारा भव्य पथ संचलन एवं झांकी निकाली गई, जो इस वर्ष समारोह का मुख्य आकर्षण रही। झांकी में तेजस लड़ाकू विमान और ट्रेन की झलक देखने को मिली,जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे सवार होकर देश की सैन्य शक्ति और विकास का संदेश दे रहे थे।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आलोक तिवारी ने बताया कि झांकी विद्यालय से निकलकर अरियांवा, शंकरगंज मोहनगंज, तिलोई, रस्तमऊ और राजाफतेहपुर होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। मार्ग में जगह-जगह क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा, तालियों और मिष्ठान वितरण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शंकरगंज में ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह, तिलोई में श्रुति अवस्थी, राजा फतेहपुर में राकेश मिश्रा व हिमांशु मिश्रा सहित कई गणमान्य लोगों ने बच्चों का स्वागत किया। झांकी के समापन तक सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पथ संचलन में विद्यालय के उप प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, गुरुजन से आए बैंड प्रशिक्षक, स्काउट, गाइड, कब-बुलबुल, रेडक्रॉस दल, अभिभावक और क्षेत्रवासी शामिल रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान अमेठी प्रशासन और पुलिस बल मुस्तैद रहा। समापन पर डॉ. आलोक तिवारी ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

## सड़क सुरक्षा पर सख्ती: सघन चेकिंग अभियान में 66 वाहन दंडित, नियमों का कराया पालन

**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग अमेठी ने यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त रुख अपनाया ।एआरटीओ महेंद्र बाबू के नेतृत्व में जनपद के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया ।इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें सड़क सुरक्षा का पाठ भी पढ़ाया गया। अभियान के दौरान ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफलेक्टिव टेप लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्राली से माल ढुलाई के समय सुरक्षा मानकों का पालन करने, पीछे लाल रंग का कपड़ा लगाने और मोड़ पर इंडीकेटर के प्रयोग के बारे में चालकों को जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग की सख्त हिदायत दी गई। परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए।

# सुभाष पशुपति नाथ इंटर कॉलेज में देशभक्ति के उत्साह के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस

जन एक्सप्रेस । सिंहपुर, अमेठी



एस.पी.एन. इंटर कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर को तिरंगे, झंडियों और देशभक्ति संदेशों से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री प्रेम कुमार मिश्र द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो गया।गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर भानुमित्र अवस्थी प्रवक्ता संस्कृत सहित समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं,बल्कि हमें संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाने वाला दिन है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम को अपने जीवन का आधार बनाएं तथा संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को आत्मसात करें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिसर में अनुशासन, एकता और राष्ट्रीय चेतना की सुंदर झलक दिखाई दी।

शिक्षकों ने भी छात्रों को देश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन राष्ट्रहित में कार्य करने, सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक प्रबल किया।

# सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में 26 जनवरी 2026 को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय को तिरंगे थीम पर गुब्बारों से सजाया गया। वि?द्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर फूलों एवं रंगों की रंगोली बनाई गई। जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि सह निदेशिका सुजाता आनंद एवं प्रधानाचार्य आसिम रूमी द्वारा प्रातः 10 बजे झंडा फहराया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान संपन्न हुआ। तदुपरान्त विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी, समन्वयक राजेश जायसवाल, आफाक हुसैन, रेखा ठाकुर एवं इंदू एस. नायर ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया । इसी क्रम में देश की महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर माँ भारती के वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यालय के बच्चों द्वारा समूह गान संदेशे आते है गीत पर शानदार प्रस्तुत की गई। इसके बाद बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर शानदार नृत्य प्रस्तुति की। इसके बाद एनसीसी के बच्चों द्वारा फील्ड ड्रिल की गई। इसी क्रम में नन्हा मुन्ना राही हूं, इंडिया वाले एवं जलवा तेरा जलवा यूकेजी एवं फर्स्ट के बच्चों द्वारा शानदार डांस प्रस्तुत किए गया। इसके अतिरिक्त कक्षा दो से पांच के छात्रों द्वारा लेजियम और डम्बल ड्रिल परस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मध्य में मोशन विनर्स के बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी क्रम में क्लास सेकंड एवं थर्ड के बच्चों बच्चों ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा एये वतन वतन मेरे वतन पर समूह गान प्रस्तुत किया गया। कक्षा 7 के बच्चों ने भांगड़ा पर शानदार प्रस्तुति दी। प्राचार्य श्री रूमी ने अपने अभिभाषण में बच्चों को गणतंत्र दिवस की मूल अवधारणा से परिचित कराते हुए देशभक्ति से ओत प्रोत संदेश दिया।

विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी ने बच्चों एवं समस्त अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मां भारती के वीर सपूर्ती के विषय में विस्तृत जानकारी साझा की। इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ समन्वयक राजेश जायसवाल सर ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किए गया। गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुयश कुमार एवं सह निर्देशिका सुजाता आनंद ने समस्त अभिभावकों, बच्चे एवं जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

## भाजपा समर्थक मंच में नजरें आलम को मिली जिम्मेदारी

**अम्बेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी समर्थक मंच के संगठनात्मक विस्तार के तहत जनपद के लिए यह गर्व का विषय है कि जिले के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता अकबरपुर तहसील के इटरौरा ग्राम पंचायत निवासी नजरे आलम को अल्पसंख्यक मोर्चा में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी पत्र के अनुसार उन्हें युवा प्रदेश अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा (भा.ज.पा. समर्थक मंच, उत्तर प्रदेश) के पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश एवं संगठन की संस्तुति पर की गई है। पार्टी ने उनके संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। मनोनयन पत्र में उनसे संगठन को गति प्रदान करने, युवाओं को जोड़ने और अल्पसंख्यक समाज के बीच पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को मजबूती से पहुंचाने की अपेक्षा जताई गई है। नजरे आलम ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य करेंगे।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में **गणतन्त्र दिवस** मनाया गया। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी व उप प्रधानाचार्या/उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी नें प्रातः ध्वजारोहण करके राष्ट्रगान किया। इसी क्रम में तिरंगे झंडे को मार्च पास्ट द्वारा सलामी दी गयी तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक, प्रधानाचार्य, कोषाध्यक्षा एवं उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं, छात्र छात्रायें तथा समस्त स्टाफ नें देश के महान विभूतियों महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार भगत सिंह तथा बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर धूप अगरबत्ती तथा पुष्प अर्पण करके नमन किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक सहित उपस्थित विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं, छात्र छात्रायें तथा समस्त स्टाफ ने एक भारतीय नागरिक होने के कारण राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के लिए संकल्पबद्ध होकर शपथ ग्रहण किया।

प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को पूरे 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगाकर बनाया गया संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्रात्मक देश घोषित किया गया। हमारे देश की आजादी किसी भी एक व्यक्ति के कारण नहीं हुई बल्कि हमारे देश की आज़ादी में बहुत सारे देश भक्तों नें अपनी कुर्बानी देकर आजाद कराया।


देश भक्तों ने अपने देश को गुलामी की जंजीरो से अधिक दिनों तक बंधा न देख सके अपने देश को आज़ाद कराने के लिए उन्होने अपने प्राण तक त्याग दिये उनके बलिदानों के आगे अंग्रेजों को अपने घुटने टेकने पड़े और उन्होने भारत को आज़ाद कर दिया। गणतन्त्र दिवस के दिन हम इन महान पुरूषों के बलिदान को याद करते हुये यह प्रेरणा लेते है कि हम प्रत्येक भारत वासियों को भारत के शहीदों से यह सीख लेनी चाहिए और अपने देश को ऊँचाईयों तक पहुँचाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए तथा हर भारतीय का कर्तव्य बनता है कि वह देश के विकास के लिए अपना पूरा योगदान दे और देश की रक्षा के लिए हर समय खड़ा रहे। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत देशभक्ति गीतों पर समूह नृत्य, भाषण तथा फैन्सी ड्रेस प्रस्तुत किया गया। जिसमें समूह नृत्य के अन्तर्गत क्रमशः गीत-लंदन देखा नामक गीत पर कक्षा-1 के छात्र-छात्राओं में दिव्यांसी, अभ्येदय, तेजस, मानस, अभीख, गीत-जहां पांव मे पायल नामक गीत पर कक्षा-2 की छात्राओं में हलाता, काव्या, आराध्या, परिधि, प्रिजा, सिया, गीत-हम भारत के है नामक गीत पर कक्षा-4 की छात्राओं में आस्था, यश, श्रद्धा यादव, आव्या, श्रद्धा तिवारी, आदिती, श्रेया, नितिका, आराध्या, इबरा ने बहुत ही मनमोहक देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अम्बेडकर नगर।** जनपद में आदित्य बिरला समूह की इकाई अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट टांडा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलोनी परिसर स्थित खेल मैदान में किया गया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे मुख्य अतिथि यूनिट हेड नागेश उपाध्याय ने संपन्न किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया और उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गणमान्य अतिथियों ने देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। यूनिट हेड नागेश उपाध्याय ने भारतीय संविधान के मूल्यों, राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका और कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी से अनुशासन, समर्पण और सुरक्षा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सड़क सुरक्षा एवं विद्यालय यान समिति की बैठक डीएम अध्यक्षता में आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



मंगलवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय यान समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर क्रमबद्ध एवं विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए दुर्घटना संभावित स्थलों पर त्वरित, प्रभावी एवं स्थायी सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही गत माह घटित सड़क दुर्घटनाओं की ऑडिट रिपोर्ट का अवलोकन कर कारणों का विश्लेषण किया गया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक एवं निवारक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सड़कों पर मानक अनुरूप एवं पर्याप्त यातायात संकेतक (साइनेज) लगाए जाने, सड़क किनारे उगी झाड़ियों की नियमित कटाई कर दृश्यता सुनिश्चित किए जाने पर विशेष बल दिया। विद्यालय यान समिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि 05 फरवरी तक जनपद के सभी विद्यालय वाहनों की अनिवार्य फिटनेस जांच पूर्ण कर ली जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र के कोई भी स्कूल वाहन संचालित न हो। साथ ही सभी विद्यालयों को सड़क सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए, जिससे छात्र-छात्राओं में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान एआरटीओ बृजेश कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आपदा मित्र स्वयं सेवकों के साथ संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के क्रम में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायबरेली द्वारा एन0आई0सी0 रायबरेली में सायं 03.00 बजे जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आपदा मित्र स्वयं सेवकों के साथ संवाद कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, सेनानायक, पी0ए0सी0 जिला कमाण्डेण्ट होमगार्डस, व अग्निशमन अधिकारी, तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पवन कुमार श्रीवास्तव, आपदा लिपिक आशुतोष अवस्थी तथा अंकित पाण्डेय, जिला आपदा विशेषज्ञ के साथ जनपद के आपदा मित्रों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उक्त ऑनलाइन कार्यक्रम स्वयं सेवा और निस्वार्थ सेवा की भावना को सम्मानित और प्रेरित करने के उद्देश्य से सम्पन्न किया गया।

# सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का मेडिकल कॉलेज में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर




जनपद के महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में जनवरी माह को सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाते हुए प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा आम जनसमुदाय को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, समय पर जांच और उपचार के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर उन गिने-चुने कैंसरों में शामिल है, जिसे समय पर स्क्रीनिंग और एचपीवी टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। प्रारंभिक अवस्था में इसकी पहचान होने पर उपचार पूर्णतः संभव है, जिससे महिलाओं का जीवन सुरक्षित किया जा सकता है।

इस जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न जनसहभागिता एवं अकादमिक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। आम जनमानस तक संदेश पहुँचाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा, वहीं विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए स्क्रीनिंग एवं रोकथाम विषय पर अकादमिक सत्र आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त पोस्टर प्रस्तुति, मेडिकल छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम भी संपन्न कराए जाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन एवं आयोजन समिति ने जनपदवासियों से इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहभागिता कर सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की है

# शहीदों की वीर भूमि पर तिरंगा फहराना मेरे जीवन का सौभाग्य: डॉ. मनीष चौहान

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर देश की आजादी के साक्षी राष्ट्रीय ऐतिहासिक शहीद स्मारक स्थल मुंशीगंज परिसर में राष्ट्रभक्ति, अध्यात्म और सेवा भाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली इकाई द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय, भावनात्मक और राष्ट्रचेतना से ओतप्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। प्रातःकाल मिशन द्वारा संचालित दैनिक निरूशुल्क योग शिविर के उपरांत विधिवत झंडारोहण किया गया। तिरंगा फहराते ही सम्पूर्ण परिसर राष्ट्रगान की गूंज से राष्ट्रमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनीष चौहान रहे। उन्होंने शहीद स्मारक की पावन भूमि पर तिरंगा फहराकर अमर शहीदों को नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुंशीगंज शहीद स्मारक जैसे ऐतिहासिक स्थल पर ध्वजारोहण करना उनके लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने मातृभूमि सेवा मिशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्था राष्ट्रसेवा को अध्यात्म और योग से जोड़कर समाज में सकारात्मक चेतना का संचार कर रही है।

कार्यक्रम में संयोजक प्रदीप पाण्डेय ने उपस्थित सभी योग साधकों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। संचालन मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत डॉ. प्रकाश मिश्रा द्वारा अध्यात्म से प्रेरित होकर संचालित सेवा अभियानों की सराहना की। उन्होंने बताया कि मिशन बीते चार वर्षों से रायबरेली में निरंतर निरूशुल्क योग शिविर के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और समाजहित से जुड़े अनेक जनकल्याणकारी प्रकल्प संचालित कर रहा है। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. मनीष चौहान को मिशन की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य प्रकाश नारायण पाठक, रामराज गिरी, महेंद्र अग्रवाल, सोनम गुप्ता, राज अग्रहरी, अनूप शर्मा, राकेश यादव, राममिलन, कैलाश, अनु सुमन यादव, रश्मि पांडे, शिवचंद्र पांडे, दिनेश पांडे, रामानुज मिश्रा, प्रकाश सौरभ, अर्जुन, के.के. चौधरी, सुधीर सिंह, संदीप, अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में योग साधक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## व्यापारियों का बीमा कराया जाये: बसन्त सिंह बग्गा

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, रायबरेली द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन जिलाधिकारी रायबरेली की ओर से दिया। जिलाधिकारी की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट राम औतार ने ज्ञापन प्राप्त कर सम्बन्धित को पहुँचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग किया कि जी.एस.टी. पंजीकृत सभी व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा सरकारी कर्मचारियों की भाँति कराया जाये। प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने मांग किया कि व्यापारियों की दुकान जलने का बीमा कराया जाय, यह एक अनिवार्य आवश्यकता है, क्योंकि व्यापारी दुकान का बीमा (अग्नि बीमा) आकस्मिक आगजनी, प्राकृतिक आपदाओं, दंगो या चोरी के कारण वित्तीय रूप से तबाह हो जाता है, व्यापारी को इससे होने वाले नुकसान के बाद फ़िर से व्यापार शुरू करने में मानसिक व आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, व्यापारियों की इस गम्भीर समस्या का संज्ञान लिया जाना आवश्यक है।

# गणतंत्र दिवस पर शहीद के परिजनों व बुजुर्गों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



77वें गणतंत्र दिवस के गौरवमयी अवसर पर कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने रायबरेली के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया और बच्चों को देशभक्ति का संदेश देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। दिन की शुरुआत मालिकमऊ स्थित अमर शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह चौक पर हुई, जहाँ पूनम सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उन्होंने देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए अमर शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने शहीद की माता एवं धर्मपत्नी को बैच लगाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पूनम सिंह ने कहा कि वीर शहीदों के परिवारों का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है, क्योंकि उनके त्याग से ही देश सुरक्षित और स्वतंत्र है। इसके बाद पूनम सिंह सम्राट नगर स्थित जे.डी. पब्लिक स्कूल के वार्षिक गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों के उत्साह और जोश की प्रशंसा करते हुए पूनम सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भारतीय संस्कृति में बड़ों के आशीर्वाद की महत्ता को रेखांकित करते हुए उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका पांडे के सास और ससुर को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर पूनम सिंह ने प्रधानाचार्या प्रियंका पांडे, शालनी सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने गणतंत्र दिवस के इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**रायबरेली।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शिव मंगल मौर्य इंटरमीडिएट कॉलेज ऊंचाहार, रायबरेली एवं सुंदरा देवी फर्मेसी कॉलेज ऊंचाहार में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके उपरांत महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रमेश कुमार मौर्य रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहना के साथ देखा। कार्यक्रम में डॉ. एस.एन. प्रजापति, मीरा मौर्य (प्रधानाचार्य), डॉ. सरिता मौर्य (प्रधानाचार्य, फर्मेसी कॉलेज), पुष्पेंद्र सिंह (प्रधानाचार्य, एस.एम. पब्लिक स्कूल), लालता प्रसाद, भगवान शरण सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके साथ ही अभिभावकगण, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के संदेश और गणतंत्र के मूल्यों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया।

# लखनऊ एक्सप्रेस




**ग्राम स्तर पर जागरूकता से ही रोकी जा...**

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेशभर में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद के सभी विकास खंडों में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं सदस्यों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने के क्रम में मंगलवार को बरखेड़ा विकास खंड... पढ़ें पेज 07 पर...



# प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम पर इस्तीफे का नाटक ?


## फर्जी विकलांग प्रमाणपत्र से नौकरी पाने का आरोप मचा हड़कंप


जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में वस्तु एवं सेवा कर विभाग के उप आयुक्त प्रशांत कुमार सिंह को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। उन पर कथित तौर पर फर्जी विकलांगता प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने का आरोप लगा है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि शिकायत किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उनके सगे बड़े भाई डॉ. विश्वजीत सिंह ने की है।

### सगे भाई का 'महाविस्फोटक' दावा

डॉ. विश्वजीत सिंह ने सजीव प्रसारण के दौरान आरोप लगाया कि प्रशांत कुमार सिंह ने आंखों से संबंधित ऐसी बीमारी दिखाकर विकलांग प्रमाणपत्र बनवाया, जो 50 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति में पूरी दुनिया में लगभग नहीं पाई जाती। उनका कहना है कि इसी कथित फर्जी प्रमाणपत्र के सहारे उन्होंने सरकारी सेवा प्राप्त की।





### जांच अंतिम चरण में होने का दावा

डॉ. विश्वजीत सिंह का यह भी कहना है कि इस मामले की जांच अब अंतिम चरण में है। आरोप है कि प्रशांत कुमार सिंह इस्तीफा देने का नाटक कर जांच और संभावित रिकवरी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार से मांग की है कि पहले पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, उसके बाद ही कोई कार्रवाई हो।

### मेडिकल बोर्ड के सामने पेश नहीं हुए

शिकायत के बाद वस्तु एवं सेवा कर विभाग के उप आयुक्त प्रशांत कुमार सिंह को कई बार मेडिकल बोर्ड के सामने जांच के लिए बुलाया गया। हालांकि, आरोप है कि वे एक भी बार मेडिकल बोर्ड के समक्ष पेश नहीं हुए। इसे जांच से बचने के तौर पर देखा जा रहा है, हालांकि विभागीय स्तर पर इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी।

### महानिदेशक को भेजा गया पत्र

मामले को लेकर मऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 19 दिसंबर 2025 को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी है। पत्र में मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित न होने का उल्लेख भी किया गया है।

### सरकार पर टिकी निगाहें

पूरा मामला अब राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही सामने आएगी, लेकिन सगे भाई द्वारा लगाए गए आरोपों ने प्रकरण को और गंभीर बना दिया है। अब देखना यह है कि योगी सरकार इस कथित फर्जीवाड़े पर क्या रुख अपनाती है और जांच किस दिशा में आगे बढ़ती।

# मतदाता शपथ समारोह में शिक्षामित्र व बीएलओ ने बुजुर्गों को वितरित किए कंबल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**बक्शी का तालाब।** बीकेटी क्षेत्र के कठवारा स्थित प्राथमिक विद्यालय मल्लाहन खेड़ा (भाग संख्या-182) में मतदाता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं के साथ-साथ गांव के अन्य लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बीकेटी स्थित आरआर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के सहयोग से शिक्षामित्र एवं बीएलओ सुधा सिंह द्वारा बुजुर्ग मतदाताओं को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाने वालों में श्यामलाल, प्यारेलाल, कुंता, संतोषी, पूजा, गीताराम, रानी, श्यामसुंदर, गुलाब, शांति, शिल्पा सहित अन्य बुजुर्ग मतदाता शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुधा सिंह ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। अपने मताधिकार का सही प्रयोग कर समाज और देश के विकास के लिए उपयुक्त प्रतिनिधि का चयन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हैं और समाज सेवा को अपना दायित्व मानती हैं। सुधा सिंह ने यह भी बताया कि वे समय-समय पर स्कूल के जरूरतमंद बच्चों और उनके परिवारों के बुजुर्गों की सहायता करती रहती हैं और आगे भी यह कार्य जारी रखेंगी। इस मौके पर समाजसेवी एवं आरआर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुधा सिंह जैसी शिक्षामित्र समाज और लोकतंत्र की रीढ़ हैं, इसलिए सरकार व प्रशासन को उनके जीवनयापन को ध्यान में रखते हुए वेतन वृद्धि पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मतदाता शपथ समारोह में उपस्थित लोगों ने सुधा सिंह की समाजसेवा की सराहना की और उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताया।





## इटौंजा पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोपी को किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र में नाबालिक लड़की को भगा ले जाने व्यक्ति को इटौंजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इटौंजा थाना स्थानीय पर वादी की नाबालिग पुत्री को घर से विपक्षी द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 219/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। वही महिला सम्बन्धी अपराध को अत्यंत गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुये इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव के निर्देशन मे थाना इटौंजा पुलिस बल द्वारा अभियोग से सम्बन्धित पीड़िता को पूर्व मे सकुशल बरामद किया गया था और अभियुक्त रिजवान पुत्र जलील नि0 वार्ड नं0-2 कटरा मोहल्ला नगर पंचायत महोना थाना इटौजा लखनऊ उम्र करीब 38 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र इटौंजा से पाक्सो एक्ट मे गिरफ़्तार किया। अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुये नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए इटौंजा पुलिस ने जेल भेज दिया है।



## तिरंगा फाउंडेशन कनकहा ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

तिरंगा फाउंडेशन कनकहा के तत्वावधान में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के मुख्य आयोजक मोनू साहू एवं प्रमोद कुमार रहे। यह पदयात्रा कनकहा से मोहनलालगंज तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों के साथ क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर तिरंगा फाउंडेशन के कई सक्रिय सदस्य मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रेमचंद, अमरदीप विश्वकर्मा, आफताब खान, सोनू, विनोद साहू, रोहित सिंह, मनोज कनौजिया, शुभम शुक्ला, सुनील गौतम, सैनिक यादव, उत्कर्ष यादव, मिलन (बीडीसी), मनोज (बीडीसी), निशु मौर्या, अरुण कुमार (सभासद), धर्मेंद्र राय, संजय रावत, मोबीन, साजन, रामनिधि कनौजिया, हरिश्चंद्र, नितेंद्र मिश्रा, मोनू सिंह, संदीप साहू सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। आयोजकों ने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# लखनऊ बीकेटी एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित हुआ 77 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

- तिरंगे की शान में डूबे एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थानों का भव्य गणतंत्र दिवस समारोह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





भारतीय संविधान की पावन धरती पर 77वें गणतंत्र दिवस का उल्लास एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दोनों प्रमुख संस्थानों - एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, लखनऊ एस.एस. पब्लिक स्कूल, हेमी, बीकेटी एवं एस. एस. इंस्टीट्यूट में अनोखे उत्साह के साथ फला-फूला। देशभक्ति की लहरों में सराबोर यह आयोजन युवा पीढ़ी के हृदयों में राष्ट्रप्रेम का अलख जगाने वाला साबित हुआ।युवा कलाकारों ने मार्च पास्ट में सैनिकों सी सैन्य अनुशासन का प्रदर्शन किया, तो शास्त्रीय नृत्य की मुद्राओं एवं समकालीन कोरियोग्राफी में अपनी कला का जादू बिखेर दिया। मंच पर प्रस्तुत हर नृत्यांकन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित अभिभावक एवं अतिथिगण छात्र-छात्राओं की प्रतिभा पर फूले न समाते। फाउंडर अनिल सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस के गौरवशाली इतिहास को जीवंत करते हुए कहा, 'संविधान हमारे लोकतंत्र का आधार स्तंभ है।' चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने शिक्षकों की निष्ठा की तारीफ करते हुए सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सराहा और आयोजन को सफल बनाने हेतु दोनों प्रधानाचार्याओं सी के शर्मा एवं प्रिया उपाध्याय एवं समस्त शिक्षक मंडल को हार्दिक धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय ध्वज के धीरे-धीरे ऊपर चढ़ने के साथ पूरा परिसर 'भारत माता की जय' एवं 'जय हिंद' के उद्घोषों से गूंज उठा। राष्ट्रगान की पंक्तियों के साथ यह ऐतिहासिक समारोह सम्पन्न हुआ, जो निश्चित रूप से विद्यार्थियों के मानस पटल पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया।

## नगर चौगवां में जर्जर भवन होने से ग्रामीणों में भड़का रोष, कहा कि जल्द गिराया जाए जर्जर भवन

- ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा और काफी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंच गए

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र इटौंजा क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल नगर चौगवां में सटा हुआ स्कूल का भवन जर्जर हैं। जिसको निष्प्रयोग घोषित किया गया है, लेकिन अभी तक ध्वस्तिकरण नहीं कराया गया है। आए दिन उसका मलवा गिरा करता है। इससे मंगलवार को ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा और काफी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंच गए। वही किसी तरह अध्यापकों ने शांत कराया। इसी विद्यालय में जो जर्जर बिल्डिंग है उसमें मतदान केंद्र भी बना दिया गया है। वही नगर चौगंवा के निवासी प्रधान प्रतिनिधि योगेश शुक्ला, पिंटू मिश्रा, रामसनेही, दिलीप कुमार व अन्य नागरिकों ने बताया कि जर्जर भवन जहां विद्यालय संचालित होता है। उसके समीप है। जिससे कभी भी बिल्डिंग गिरने का खतरा हो सकता है। इससे अभिभावकों को हर समय डर बना रहता है। बच्चों को किसी तरह स्कूल भेजते हैं। वही प्रधान मधु ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत दी गई। फिर भी बिल्डिंग नहीं गिराई गई है। वही खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला ने बताया कि जर्जर भवन को निष्प्रयोजक घोषित किया गया है।

## समाजसेवी बाबूलाल शारदा महेश्वरी का लाला लाजपत राय अस्पताल में सम्मान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/कानपुर

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समाजसेवी बाबूलाल शारदा महेश्वरी को एशिया के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल लाला लाजपत राय चिकित्सालय, कानपुर में सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अस्पताल के प्रमुख डॉ. आर. के. सिंह द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान बाबूलाल शारदा महेश्वरी को मंच से अपने विचार व्यक्त करने का अवसर भी दिया गया, जिसे उन्होंने गर्व और कृतज्ञता के साथ स्वीकार किया। उन्होंने इस सम्मान के लिए अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से डॉ. अनुराग राजोरिया का धन्यवाद किया, जिन्होंने उन्हें इस बड़े सम्मान के लिए चयनित किया।



बाबूलाल शारदा महेश्वरी ने कहा कि समाजसेवा उनका उद्देश्य है और इस प्रकार का सम्मान उन्हें आगे भी जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## यूजीसी बिल के विरोध में भाजपा मंडल महामंत्री ने दिया इस्तीफा

- बीकेटी विधानसभा कुम्हरावां मंडल महामंत्री ने छोड़ा पद, भारी नाराजगी व्यक्त की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के कुम्हरावां मंडल महामंत्री अंकित तिवारी ने कई अन्य पदाधिकारियों के साथ अपना पद छोड़ दिया है। लखनऊ बीकेटी में यूजीसी के नए नियमावली के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंडल महामंत्री समेत कई पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। वही यह विरोध प्रदर्शन पूरे देश में सवर्ण समाज द्वारा यूजीसी बिल के खिलाफ जारी है। इसी क्रम में जमीन से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विरोध करने वालों का साफ तौर पर कहना है कि यह बिल सामान्य वर्ग के बच्चों के भविष्य पर बुरा असर डालेगा और उनका मानना है कि यह बिल सामान्य वर्ग को 'अपराधी' बनाने की दिशा में काम करेगा। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों ने सरकार से इस बिल पर एक बार फिर विचार करने की अपील की है। सवर्ण समाज लगातार इस बिल को लेकर नाराजगी व्यक्त कर रहा है। उनका सवाल है कि क्या सरकार दलित और पिछड़े वर्गों को अवसर देने के प्रयास में एक वर्ग को नाराज करने का जोखिम उठा रही है।

## प्रधान प्रत्याशी ने जरूरतमंदों में कंबल किये वितरण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत चांदपुर खानीपुर के मजरा कल्याणपुर गांव में भावी प्रधान पद प्रत्याशी सोनू गुप्ता ने 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर और अपने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर जरूरतमंदों ग्रामीणों में एक हजार (1000) कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों में कंबल वितरण किये और इस दौरान सोनू गुप्ता ने ग्रामीणो का हाल-चाल जाना है। वही ग्रामीणों ने बताया कि सोनू गुप्ता सामाजिक कार्य गरीबों की मदद एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करते रहते हैं।





## उद्यान मंत्री का किसानों व श्रमिकों से सीधा संवाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली की सदर विधानसभा के विकास खंड राही स्थित ग्राम पीतम्बरपुर, सरेनी विधानसभा के ग्राम चांदा टिकर, ऊंचाहार विधानसभा के ग्राम खजुरी में विकसित भारत-जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत कृषक-श्रमिक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया। उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों एवं श्रमिकों से सीधा एवं सार्थक संवाद किया।ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकसित भारत और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में किसानों एवं श्रमिकों के बीच योजना को लेकर विशेष उत्साह, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मिशन ग्रामीण भारत को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। योजना के अंतर्गत श्रमिक भाइयों को 125 कार्य दिवसों की गारंटी, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, समय पर साप्ताहिक मजदूरी भुगतान तथा आजीविका में स्थायित्व एवं सम्मान किया जाएगा। इससे न केवल श्रमिक परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अन्नदाता किसानों और श्रमिकों की सहभागिता से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा और यह अभियान गांव-गांव तक समृद्धि का संदेश पहुंचाने का कार्य करेगा।

### सार्वजनिक सूचना

मैं आशीष कुमार यादव पुत्र सुरेश कुमार निवासी पिपराघाट, दिलकुशा कैण्ट लखनऊ सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम श्रेया यादव (Shreya Yadav) है जबकि मेरी पुत्री से सम्बन्धित दस्तावेजो मे उसका नाम त्रुटिवश नायरा यादव (Nayara Yadav) लिख गया है। सही नाम श्रेया यादव (Shreya Yadav) है। अतः मेरी पुत्री से सम्बन्धित दस्तावेजो में उसका सही नाम श्रेया यादव (Shreya Yadav) मान्य किया जाये।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को बांटे स्वीकृत पत्र

- कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित नहीं रहेगा: शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगर पंचायत अमिला में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने योजना के अंतर्गत 1156 लाभार्थियों के बैंक खातों में आवास निर्माण की प्रथम किश्त के रूप में एक लाख रुपये की धनराशि पहुंचने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जिन पात्र लोगों को अभी आवास का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रक्रिया निरंतर चल रही है और शीघ्र ही उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाएगा। कोई भी पात्र व्यक्ति आवास योजना से वंचित नहीं रहेगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और एके शर्मा की गारंटी है। सरकार गरीब, वंचित और जरूरतमंदों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इसके अंतर्गत पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ ले सकते है। उन्होंने विद्युत बिल राहत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं का विद्युत बिल बकाया है, वे इस योजना का अवश्य लाभ उठाएं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान रीना देवी, सोनी गुप्ता, लालमुनि, शांति देवी, झांती, परमी, सोनिया, सुशीला, विमला एवं प्रमिला आदि लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।

# मड़ियांव सैरपुर बीकेटी इटौंजा महिगवां थाने में गणतंत्र दिवस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वजा, किया झंडा रोहण

- सभी पुलिसकर्मियों ने ली संविधान और कर्तव्य निष्ठा की शपथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सोमवार 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के बीकेटी, इटौंजा, महिगवां, सैरपुर, मड़ियांव,माल, मलिहाबाद थाना परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस जवानों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान सभी ने राष्ट्र के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बीकेटी थाना



प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बीकेटी थाना उपस्थित पुलिस कर्मियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व निष्ठा से पालन करने का संकल्प भी दिलाया। इस तरह महिगवां थाना प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने थाना परिसर में सभी पुलिस कर्मियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व निष्ठा से पालन करने का संकल्प भी दिलाया। इटौंजा थाना परिसर में सेकंड इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव ने सभी पुलिस कर्मियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व निष्ठा से पालन करने का संकल्प भी दिलाया।सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी ने थाने पर सभी पुलिस कर्मियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व निष्ठा से पालन करने का संकल्प भी दिलाया और कहा कि गणतंत्र दिवस संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने पुलिस बल की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि वे जनता की सुरक्षा, शांति और न्याय सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने राष्ट्र सेवा, अनुशासन और सत्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारों के साथ हुआ, जिससे परिसर में देशभक्ति का माहौल बन गया।

# नीतिगत संवाद में जलशक्ति मंत्री ने गिनाई यूपी की उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के सभी गांवों को जल्द ही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू की जाएगी। आज दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में ग्रामीण पेयजल सेवाओं के सतत संचालन एवं रखरखाव पर मंत्री स्तरीय नीतिगत संवाद में उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में 40 हजार से अधिक योजनाओं को निर्माण कराया जा रहा है, जो लगभग पूर्ण होने की ओर अग्रसर है। इन योजनाओं के पूरा होते ही गांवों को नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। मंत्री ने बताया कि बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र के अधिकांश गांवों में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण करते हुए ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है। नई दिल्ली में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के जलशक्ति मंत्री मौजूद थे। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि 15 अगस्त 2019 तक उत्तर प्रदेश में केवल 5 लाख 16 हजार ग्रामीण परिवारों को ही नल से जल उपलब्ध कराया गया था, जो प्रदेश के कुल ग्रामीण परिवारों का मात्र 1.93 प्रतिशत था। आज प्रदेश के 85 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन से पूर्व में निर्मित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने के बाद योजनाओं का संचालन और अनुरक्षण ग्राम पंचायतों द्वारा ही किया जा रहा था।

पढ़ें पेज 07 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत सरकार की चुप्पी बनेगी आगे भी काल का कारण

**भारत में भी ऐसे लोगों की एक बड़ी संख्या है, किंतु बांग्लादेश में जिंदा जलाए जा रहे हिन्दुओं पर उसकी आवाज गुम हो जाती है। भारत में कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों को उमर खालिद की जेल ज्यादा बड़ी मानवाधिकार समस्या लगी, पर बांग्लादेश में हिन्दू महिलाओं के बलात्कार, मंदिरों की आगजनी और लक्षित हत्याएं उन्हें विचलित नहीं करतीं। निश्चित ही ये भारत में इस प्रकार की सोच रखनेवालों के लिए और वैश्विक स्तर पर यह संवेदनशीलता नहीं है, यह सीधे तौर पर वैचारिक पाखंड है, जो हिंसा और अत्याचार पर दोहरे मापदण्ड निर्धारित करता है।**

*बांग्लादेश एक बार फिर खून से लाल है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार मारा गया व्यक्ति कोई राजनेता नहीं, कोई उग्रवादी नहीं, बल्कि एक साधारण हिन्दू युवक था; चंचल चंद्र भौमिक। उसे किसी न्यायालय ने सजा नहीं दी थी, किसी युद्ध में वह दुश्मन नहीं था, फिर भी उसे जिंदा जला दिया गया। उसका अपराध सिर्फ इतना था कि वह हिन्दू था और बांग्लादेश में जी रहा था। यह हत्या कोई नई बात नहीं न कोई अपवाद है, यह तो उस निरंतर चल रहे हिन्दू संहार की एक और कड़ी है, जिसे बांग्लादेश सरकार या तो देख नहीं पा रही या जानबूझकर अनदेखा कर रही है। 23 जनवरी की आधी रात नरसिंगदी जिले के एक गैरेज में जो हुआ वह बांग्लादेशी राज्य में चंचल चंद्र भौमिक के जरिए फिर एक सार्वजनिक चेतावनी है कि हिन्दू होना अब इस देश में मौत को न्योता देना है। यदि यह अपराध किसी व्यक्तिगत रंजिश का नतीजा होता, तब ही माना जा सकता था कि आपसी विवाद का ये परिणाम है, किंतु ऐसा बिल्कुल भी सामने नहीं आया है। बार-बार हिन्दुओं को जिंदा जलाना प्रतीक होता है जैसे बांग्लादेश में गैर मुसलमानों के लिए इस्लामिक जिहादी ताकतें भय का, आतंक का और वर्चस्व स्थापित करने का एक ऐसा वातावरण तैयार कर रही हैं, जिसमें सिर्फ इस्लाम को माननेवाले ही रह सकते हैं! चंचल से पहले गाजीपुर के कालीगंज में लिटन चंद्र घोष को बेलचे से सिर कुचलकर मार दिया गया। उसके बाद राजबाड़ी में पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रिपन साहा को एक बीएनपी नेता ने गाड़ी से रौंद डाला। इन घटनाओं में समानता साफ है, पीड़ित हिन्दू हैं और अपराधियों को सत्ता-संरक्षण का भरोसा है। कभी देवी-देवताओं की तस्वीरें बहाना बनती हैं, कभी पैसे का विवाद। असल वजह हमेशा एक ही रहती है मजहबी (धार्मिक) घृणा। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार केवल छह महीनों में 116 से अधिक अल्पसंख्यकों की हत्या हुई, जिनमें अधिकांश हिन्दू थे। दिसंबर 2025 में ही 51 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं दर्ज की गईं। ये आंकड़े किसी आंतरिक अशांति के नहीं, बल्कि सुनियोजित हिंसा के हैं। यह एक पैटर्न है; लक्षित हत्या, मॉब लिंचिंग, झूठे ईशनिंदा आरोप और प्रशासनिक चुप्पी के। आज इस्लामिक साम्राज्यवाद के नजरिए से देखें तो दिख यही रहा है कि 1906 में मुस्लिम लीग की स्थापना के साथ जिस मजहबी राजनीति ने जन्म लिया, वही आज बांग्लादेश में हिंसा का मूल है। भूमि की स्वाभाविक पहचान को मिटाकर एक आरोपित पहचान थोपने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहा अत्याचार इसी ऐतिहासिक संघर्ष का परिणाम है। किंतु इस्लामिक जिहादी ये भूल जाते हैं कि नाम बदल देने से इतिहास नहीं बदलता। सिंधु देश भारत था, है और रहेगा, चाहे उसके कितने ही टुकड़े क्यों न कर दिए जाएं। आप देखेंगे कि हर हिन्दू हत्या के बाद बांग्लादेश पुलिस का एक तयशुदा बयान आता है, 'जांच जारी है ', 'सभी एंगल देखे जा रहे हैं '। लेकिन नतीजा शून्य रहता है। न त्वरित न्याय, न कठोर सजा। कई मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती। जब राज्य अपराधियों को दंडित नहीं करता, तब समझलें कि वह अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें जिहादियों को, हिंसक इस्लामवादियों को लाइसेंस दे देता है। कहना होगा कि मोहम्मद यूनुस के शासनकाल में जिस तरह अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं, वह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं कही जा सकती है, यह तो राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव का प्रमाण और सीधे तौर पर हिन्दू हत्या करवाना है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पिछले एक दशक में चीन की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। 2015 में यह 94वें स्थान पर था, जो अब 59वें पर आ गया है। इसी तरह से टॉप 10 में शामिल सिंगापुर समेत जैसा कि बताया गया है कि आज जापान, साउथ कोरिया, डेनमार्क, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलैंड, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, हंगरी, पुर्तगाल, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, यूएई, क्रोएशिया, चेकिया, एस्टोनिया, माल्टा, न्यूजीलैंड, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया, लातविया, लिकटेंस्टाइन, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, आइसलैंड, लिथुआनिया, मलेशिया और दसवें नंबर पर अमेरिका इसमें शामिल है।**

# वैश्विक विश्वास बहाली के लिए भारत को अभी कई कदम चलना है



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भरोसा सिर्फ बड़ा देश या शक्ति सम्पन्न होने से ही नहीं आता, यह भरोसा आपके नियमित व्यवहार, शक्ति, सामर्थ्य, आर्थिक विकास, अतिथियों के प्रति आपका व्यहार जैसे सभी सद्गुणों एवं विकास के स्थिर मापदंडों के कारण से भी आता है। ऐसे में हम समग्र रूप से इन सब में कहां खड़े हैं, इसका विचार तो हम सीभ को एक बार जरूर करना ही चाहिए, आखिर व?यों नहीं हम सब कुछ होने के बाद भी चीन से भी बहुत पीछे दिखाई देते हैं?**

भारत की उपस्थिति आज आर्थिक, औद्योगिक, कृषि, तकनीकी, ऊर्जा और सैन्य क्षेत्रों में दुनिया के अग्रणी देशों के समकक्ष पहुंच गई है। विश्व में भारत जनसंख्या के नजरिए से दूसरे स्थान पर है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल हमने किया है। क्रय शक्ति समानता के आधार पर भारत पहले से ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्र में भी भारत ने बड़ा उछाल दर्ज किया है। एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स में भारत शीर्ष 10 देशों में शामिल है और मोबाइल फोन निर्माण के क्षेत्र में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन चुका है। इसी तरह फार्मास्युटिकल उद्योग में भारत को दुनिया की 'फार्मेसी' कहा जाता है क्योंकि यह जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा वैश्विक आपूर्तिकर्ता और फार्मा उत्पादन में शीर्ष तीन देशों में शामिल है। इसी तरह से कृषि क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति और भी मजबूत है। वह आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। दालों और मसालों के उत्पादन में भारत विश्व में पहला स्थान रखता है, जबकि चावल और गेहूं के उत्पादन में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। चीनी उत्पादन और उपभोग दोनों में भारत वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। वस्?तुतः ये आँकड़े बताते हैं कि भारत खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भर होने के साथ ही वैश्विक खाद्य आपूर्ति में भी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्षेत्र में भारत की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। आईटी और सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है और कई रिपोर्टों के अनुसार यह क्षेत्र भारत को वैश्विक स्तर पर पहला या शीर्ष स्थान दिलाता है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत आज डिजिटल लेनदेन के मामले में दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल हो चुका है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे ही अन्य प्रमुख क्षेत्रों की बात करें तो भारत की पर्यटन अर्थव्यवस्था अब दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्था बन चुकी है। सैन्य शक्ति के मामले में ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स जैसी रैंकिंग के अनुसार भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। ऊर्जा क्षेत्र में सौर तथा पवन ऊर्जा क्षमता के मामले में भारत आज दुनिया के शीर्ष पाँच देशों में शामिल है। इसके साथ ही कच्चा इस्पात उत्पादन में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। निश्चित ही ये सभी आंकड़ें हमें उत्साह से भर देते हैं, किंतु इसके बाद भी विश्व के देशों के बीच विश्वास बहाली में अभी भी हमको अनेक कदम सफलता से पार करने की आवश्यकता है। कहना होगा कि अभी भी भारत दुनिया के देशों में अपने को लेकर वह भरोसा नहीं पैदा कर पाया है, जोकि उसे लेकर होना ही चाहिए, क्योंकि उसका मूख्य ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुंबकम् अर्थात् पूरी धरती ही एक परिवार है में निहित है। किंतु 2026 की पासपोर्ट रैंकिंग के आए आंकड़े क्या कहते हैं? यह कि 2026 में भारत 80वें स्थान पर है, जो पिछले साल के मुकाबले पांच पायदान ऊपर जरूर आया है, किंतु संतोष जनक या उत्साहवर्धक नहीं हैं। हालांकि 2025 में भारत 85वें पायदान पर था, यह सच है कि हमारी स्थिति पहले से लगातार सुधर रही है और वर्तमान में भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 55 देशों में वीजा फ्री या वीजा ऑन अराइवल सुविधा मिलती है। माना कि यह सुधार सकारात्मक संकेत देता है, लेकिन साथ में ये भी विचार किया जाए कि हमसे आगे 54 देश कौन से हैं? इस साल सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे शक्तिशाली घोषित किया गया। इसका अर्थ यह है कि सिंगापुर का पासपोर्ट रखने वाला व्यक्ति बिना वीजा 192 देशों में यात्रा कर सकता है। सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिन्हें 188 देशों में वीजा फ्री एंट्री मिलती है। यूरोप के कई देश तीसरे और चौथे पायदान पर हैं, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने बीते दो दशकों में 57 पायदान की छलांग लगाते हुए खुद को टॉप 5 में पहुंचा दिया है। अमेरिका की स्थिति भी चर्चा में है, पिछले साल गिरावट के बाद अमेरिका फिर टॉप 10 में लौट आया है और 179 देशों में वीजा फ्री पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और मलेशिया भी टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। इसके उलट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट की सूची में अफगानिस्तान सबसे नीचे है। अफगान पासपोर्ट के साथ केवल 24 देशों में बिना वीजा यात्रा संभव है, उसके बाद सीरिया (100वें), इराक (99वें), पाकिस्तान (98वें), यमन और सोमालिया जैसे देश हैं। ये रिपोर्ट कहती है कि आज सबसे मजबूत और सबसे कमजोर पासपोर्ट के बीच 168 देशों का अंतर हो चुका है। पाकिस्तान 98वें रैंक में आकर टॉप 100 में आने में कामयाब हो गया। पिछले साल यह 103 पर था। अब इसमें बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हम अपनी तुलना इस संदर्भ में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल या अपने अन्य पड़ौसी देशों से करें? क्या ये तुलना सही होगी या फिर हमें विकास के शीर्ष देशों और चीन, जर्मनी, कोरिया, जापान के साथ अमेरिका, युरोप के बड़े और सफल देशों के साथ अपनी तुलना करनी चाहिए! इस हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की नवीनतम रिपोर्ट में वैश्विक रैंकिंग में चीन इस वर्ष 59वें स्थान पर है। चीनी पासपोर्ट धारक अब दुनिया के 81 देशों में बिना पूर्व वीजा (वीजा-मुक्त या आगमन पर वीजा) के यात्रा कर सकते हैं। पिछले एक दशक में चीन की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। 2015 में यह 94वें स्थान पर था, जो अब 59वें पर आ गया है। इसी तरह से टॉप 10 में शामिल सिंगापुर समेत जैसा कि बताया गया है कि आज जापान, साउथ कोरिया, डेनमार्क, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलैंड, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, हंगरी, पुर्तगाल, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, यूएई, क्रोएशिया, चेकिया, एस्टोनिया, माल्टा, न्यूजीलैंड, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया, लातविया, लिकटेंस्टाइन, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, आइसलैंड, लिथुआनिया, मलेशिया और दसवें नंबर पर अमेरिका इसमें शामिल है। यहां ध्यान देने योग्य है कि कई देश इस सूची में दूसरे से लेकर 9वें स्थान पर एक साथ होने के कारण से इतने देशों के नाम यहां दिखाई दे रहे हैं, हमारे लिए विचारणीय यह है कि इसमें कई देश आज ऐसे भी शामिल हैं जो बहुत छोटे इतने कि भारत के एक राज्य से भी छोटे हैं, तब भी वे हमसे 'पासपोर्ट इंडेक्स' में आगे हैं! इसका मतलब यह है कि वैश्विक बहाली और भरोसेमंद राष्ट्र बनने के लिए हमें अभी बहुत आगे तक जाना है।



**यहां ध्यान देने योग्य है कि कई देश इस सूची में दूसरे से लेकर 9वें स्थान पर एक साथ होने के कारण से इतने देशों के नाम यहां दिखाई दे रहे हैं, हमारे लिए विचारणीय यह है कि इसमें कई देश आज ऐसे भी शामिल हैं जो बहुत छोटे इतने कि भारत के एक राज्य से भी छोटे हैं।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 16:34 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 09:25 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | ब्रह्मा, 23:45 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:52 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 12:33-13:53 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !


*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मर्दाना ताकत बढ़ाने के लिए कद्दू के बीज के फायदे



**कद्दू** के बीज जिंक, मैग्नीशियम, एंटीऑक्सीडेंट्स और हेल्दी फैट का अच्छा स्रोत है। आपने कई लोगों को कहते सुना होगा कि अपनी इम्यूनिटी बूस्ट करनी है, तो इसे अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं। जो लोग नियमित रूप से कद्दू के बीज का सेवन करते हैं, उनमें बीमार होने का रिस्क कम हो जाता है। क्या आप जानते हैं कि कद्दू के बीज का सेवन मर्दाना ताकत को बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। जी, हां! यह सच है। ऐसे में हर पुरुष के लिए यह जान लेना जरूरी है कि किस कद्दू के बीज मर्दाना ताकत को कैसे बढ़ाते हैं और इसे अपनी डाइट का हिस्सा कैसे बनाया जा सकता है?

**हल्का रोस्ट करके खाएंः** कद्दू के बीज को आप हल्का फ्राइ कर लें। स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें नमक या चाट मसाला छिड़क सकते हैं कर सकते हैं। इसे आप स्नैक्स टाइम में खा सकते हैं।

**स्मूदी या शेक बनाएंः** अगर आप सुबह के समय कोई स्मूदी या शेक पीते हैं, तो उस पर कद्दू के बीज डाल सकते हैं। इससे स्मूदी का स्वाद और पोषण दोनों बढ़ते हैं।

**रात को भिगोकर खाएंः** आप रोजाना रात को दो चम्मच कद्दू के बीज को पानी में भिगोकर रख सकते हैं। इसके बाद अगले दिन इसका सेवन करें। अगर रात को भिगोना भूल जाते हैं, तो आप इसे 1-4 घंटे के लिए भी कद्दू के बीज को भिगोकर खा सकते हैं।

**प्रोस्टेट हेल्थ में सुधारः** कद्दू के बीज में जिंक और फाइटोस्टेरॉल जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये तत्व प्रोस्टेट फंक्शन को सपोर्ट करते हैं। अगर किसी को बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया है, तो उनके लक्षणों को कम करने में भी कद्दू के बीज फायदेमंद हैं।

**फर्टिलिटी में सुधारः** विशेषज्ञों की मानें, तो कद्दू के बीज में मौजूद जिंक का सेवन करने से पुरुषों में फर्टिलिटी की समस्या में कमी आती है। असल में, यह टेस्टोस्टेरोन प्रोडक्शन के जरूरी होता है। इसका सेवन करने से स्पर्म क्वालिटी बेहतर होती है और मेल रिप्रोडक्टिव हेल्थ में भी सुधार होता है। ह्ष्टव्ब्ह्ल के अनुसार कद्दू के बीजों में कॉपर, फाइबर और जिंक जैसे तत्व भी पाएं जाते हैं, जो सेक्सुअल हेल्थ के फायदेमंद है।

**इम्यूनिटी को सपोर्टः** कद्दू के बीज में जिंक जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो आपके इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। ध्यान रखें कि जिंक जैसे पोषक तत्वों की कमी होने पर अक्सर व्यक्ति कमजोरी और थकान से घिरा रहता है, जो उनकी सेक्शुअल हेल्थ पर नेगेटिव असर डालता है। वहीं, कद्दू के बीज का सेवन करने से थकान और कमजोरी दूर होती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# अमेरिकी दबाव के बीच भारतीय बजट की बड़ी परीक्षा



प्रो. आरके जैन

**ऊर्जा आयात और कच्चे माल की निर्भरता भी ट्रंप टैरिफ़ के संदर्भ में एक संवेदनशील मुद्दा है। रूसी तेल आयात को लेकर अमेरिकी आपत्तियों ने भारत के सामने कूटनीतिक और आर्थिक संतुलन की चुनौती खड़ी कर दी है।**

**घरेलू विनिर्माण को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बनाने के लिए तकनीक, पूंजी और नवाचार का संगठित विकास आवश्यक है। बजट 2026 में इन योजनाओं के विस्तार से आयात निर्भरता घटेगी और घरेलू उत्पादन को नई गति मिलेगी। इससे भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि प्रभावशाली उत्पादक की भूमिका निभा सकेगा।**

**भारतीय** अर्थव्यवस्था इस समय इतिहास के एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां वैश्विक राजनीति, व्यापारिक नीतियां और राष्ट्रीय हित आपस में गहराई से उलझ गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आक्रामक टैरिफ़ ने विश्व व्यापार व्यवस्था की स्थिरता को चुनौती दी है। अगस्त 2025 में भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ़ केवल शुल्क वृद्धि नहीं, बल्कि एक स्पष्ट राजनीतिक और आर्थिक संदेश हैं। इस पृष्ठभूमि में बजट 2026 साधारण वार्षिक प्रक्रिया न रहकर भारत की आर्थिक दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बनने की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप टैरिफ़ का प्रभाव भारतीय निर्यात के लिए गहरी चिंता का विषय बन चुका है। उपभोक्ता वस्तुएं, वस्त्र, रसायन, ऑटो कलपुर्जे और खुदरा उत्पाद जैसे क्षेत्र सीधे तौर पर इन शुल्कों की मार झेल रहे हैं। बढ़ी हुई लागत के कारण भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा खो सकते हैं। यह स्थिति केवल व्यापार घाटे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उत्पादन, रोजगार और निवेश पर भी नकारात्मक असर डालने की क्षमता रखती है। ऐसे में बजट 2026 से अपेक्षा है कि वह इस दबाव को अवसर में बदलने की स्पष्ट रणनीति प्रस्तुत करे। वैश्विक स्तर पर ट्रंप टैरिफ़ संरक्षणवाद की उस नई लहर का प्रतीक हैं, जिसमें मुक्त व्यापार की अवधारणा धीरे-धीरे पीछे हटती दिख रही है। अमेरिका अपने घरेलू उद्योगों को प्राथमिकता देकर अंतरराष्ट्रीय नियमों को पुनर्परिभाषित कर रहा है। भारत के लिए यह संकेत स्पष्ट है कि अब केवल पारंपरिक व्यापार साझेदारों पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। बजट 2026 के माध्यम से भारत को यह संदेश देना होगा कि वह बदलती वैश्विक व्यवस्था में केवल अनुकूलन ही नहीं, बल्कि नेतृत्व करने की क्षमता भी रखता है। निर्यात विविधीकरण इस पूरे विमर्श का सबसे मजबूत स्तंभ बनकर उभरता है। वर्षों से भारतीय निर्यात कुछ सीमित बाजारों पर केंद्रित रहा है, जिससे किसी एक झटके का असर व्यापक हो जाता है। ट्रंप टैरिफ़ ने इसी कमजोरी को उजागर किया है। अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और यूरोप के उभरते बाजार भारत के लिए नए अवसर प्रस्तुत करते हैं। बजट 2026 में यदि विशेष निर्यात प्रोत्साहन, बाजार-विशेष रणनीतियां और लॉजिस्टिक समर्थन शामिल किए जाते हैं, तो भारतीय निर्यात नई दिशा पकड़ सकता है। टैरिफ़ का प्रभाव रोजगार पर भी गहरा पड़ सकता है। निर्यात आधारित उद्योगों में मांग घटने से उत्पादन में कटौती और नौकरियों में कमी का खतरा बढ़ गया है। छोटे और मध्यम उद्योग, जो पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर हैं, सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घरेलू मांग पर आधारित है, फिर भी निर्यात क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। बजट 2026 में रोजगार संरक्षण और सृजन के लिए लक्षित उपाय इस चुनौती का प्रभाव कम कर सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए यह बजट केवल वित्तीय संतुलन साधने का अभ्यास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मरक्षा की रणनीति गढ़ने का अवसर है। नीति विशेषज्ञों की राय है कि गैर-टैरिफ़ बाधाओं को हटाना, नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाना और नीति स्थिरता सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी मांग है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पष्ट नियम और तेज निर्णय प्रक्रिया आवश्यक है। बजट 2026 यदि इस दिशा में ठोस संकेत देता है, तो भारत वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूत स्थिति बना सकता है। घरेलू मांग को सशक्त बनाना ट्रंप टैरिफ़ के प्रभाव को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय माना जा रहा है। जब देश का आंतरिक बाजार मजबूत होता है, तब बाहरी झटके सीमित प्रभाव डाल पाते हैं। मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाने के लिए आयकर राहत, उपभोग को बढ़ावा देने वाले कदम और अप्रत्यक्ष कर सुधार बजट 2026 की प्राथमिकताओं में शामिल हो सकते हैं। इससे न केवल खपत बढ़ेगी, बल्कि उद्योगों को स्थिर और विश्वसनीय मांग का आधार भी मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# ग्राम स्तर पर जागरूकता से ही रोकी जा सकती हैं सड़क दुर्घटनाएं : वीरेंद्र सिंह

- एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा, सड़क सुरक्षा नियमों का करें सख्ती से पालन
- सड़क सुरक्षा माह के तहत बरखेड़ा ब्लॉक में संगोष्ठी, पंचायत प्रतिनिधियों को किया गया जागरूक




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेशभर में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद के सभी विकास खंडों में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं सदस्यों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने के क्रम में मंगलवार को बरखेड़ा विकास खंड कार्यालय के सभागार में एक सड़क सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बरखेड़ा विकास खंड के लगभग 84 ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों एवं पंचायत सचिवों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पहुंचे एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्री कर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी ने पंचायत प्रतिनिधियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों एवं सावधानियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

### दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश

अधिकारियों ने बताया कि जनपद के सभी ग्रामों में ग्राम सड़क सुरक्षा समिति का गठन किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे अपने क्षेत्र में ऐसे स्थानों को चिन्हित करें, जहां सड़क दुर्घटनाएं बार-बार हो रही हैं, और इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई कर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### ग्राम सभाओं में जनजागरूकता पर जोर

संगोष्ठी में पंचायत प्रतिनिधियों से कहा गया कि वे ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करें। इसमें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग, दोपहिया पर दो से अधिक सवारी न बैठाना, शराब पीकर वाहन न चलाना, तेज गति से वाहन न चलाना, ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाना, लिंक मार्गों से मुख्य मार्ग पर जाते समय विशेष सावधानी बरतना तथा ट्रैक्टर-ट्रालियों का यात्री वाहन के रूप में प्रयोग न करने के विषय में ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

### सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कैशलेस उपचार योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में डेढ़ लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना के घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। इसके अतिरिक्त अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना होने पर घायल को 50 हजार रुपये तथा मृतक के उत्तराधिकारियों को 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि ग्राम सभाओं में इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

### अधिकारियों की रही मौजूदगी

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बरखेड़ा वेद प्रकाश, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) नजूल हसन सहित विकास खंड के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद में हर्षोल्लास के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस, हर ओर दिखा राष्ट्रभक्ति का उत्सव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद में भारत का 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव के वातावरण में मनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर, रिज़र्व पुलिस लाइन, औद्योगिक क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों तथा विभिन्न शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संविधान एवं राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा का संकल्प लिया गया। पूरा जनपद देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने विधिवत राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया और अधिकारियों-कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। गांधी सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे सशक्त संविधान है, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन ही मजबूत लोकतंत्र की नींव है।जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संकल्प की सिद्धि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार सृजन और सुशासन पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### संविधान की शपथ, पुलिसकर्मियों का सम्मान

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा की रक्षा हेतु संविधान की शपथ दिलाई। जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सेवा मेडल, शील्ड, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डीआईजी/एसपी अभिषेक यादव को प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त 'महाकुंभ सेवा मेडल' से सम्मानित किया जाना विशेष उपलब्धि रहा।

### दिव्यांगों को सहायक उपकरण, किसानों को ट्रैक्टर

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को 04 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 10 ट्राइसाइकिल, 03 व्हीलचेयर एवं 02 श्रवण यंत्र वितरित किए गए। किसानों जितेन्द्र कुमार और मंदीप कौर को ट्रैक्टर की चाबी सौंपकर आत्मनिर्भरता की दिशा में सहयोग किया गया।

### भरापचपेड़ा में 100 फीट ऊंचा तिरंगा

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने औद्योगिक क्षेत्र भरापचपेड़ा स्थित ए.बी. मौरी यीस्ट फैक्ट्री परिसर में 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि यह उद्योग क्षेत्र में निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा देगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी अमरिया, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### रिज़र्व पुलिस लाइन में भव्य परेड

रिज़र्व पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में राज्यमंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिलें) संजय सिंह गंगवार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और परेड का मान प्रणाम लिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

# गणतंत्र दिवस पर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने दी राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्व की प्रेरणा

- 128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचे महाराज
- युवाओं और छात्रों को दी देशभक्ति व कर्तव्य निभाने की सीख

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर महामंडलेश्वर एवं 128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम कार्यालय और अलीगंज मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विधिवत ध्वजारोहण से हुई। ध्वजारोहण उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्र की एकता-अखंडता को स्मरण करने का दिवस है। उन्होंने कहा कि भारत की आज़ादी असंख्य बलिदानों का परिणाम है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान में निहित अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा और ईमानदारी से करे।

### युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का आह्वान

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि देश की मजबूती तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक वर्ग राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करे। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, अनुशासन और संस्कार अपनाने का आग्रह किया और कहा कि इन मूल्यों के माध्यम से ही सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को नमन करते हुए उपस्थित लोगों को देश के विकास और अखंडता के लिए सतत समर्पित रहने का संकल्प दिलाया।

### विद्यालयों में बच्चों का बढ़ाया उत्साह पुरस्कार देकर किया सम्मानित

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने 128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों में भी सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने हरी ज्ञान विद्या मंदिर, हटुआ बिजुलहाई; हरि दर्शन विद्या मंदिर, कुरैया नवदिया; न्यू सुरभि शोभित पब्लिक स्कूल, खाग; एम.के. पब्लिक स्कूल, अमखेड़ा लखनऊ; प्रतीक विद्या मंदिर, उगनपुर सहित लगभग एक दर्जन विद्यालयों का दौरा कर छात्रों को संबोधित किया। विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते हुए महाराज ने कहा कि छात्र ही देश का भविष्य हैं, जिनमें देशभक्ति, नैतिकता और सेवा भाव का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को माँ भारती की सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने, संविधान का सम्मान करने तथा समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के ये संदेश न केवल युवाओं और बच्चों को प्रेरित करने वाले रहे, बल्कि जिले के नागरिकों में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रबल किया।

### जिला भाजपा कार्यालय में भी ध्वजारोहण

इस अवसर पर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज जिला भाजपा कार्यालय, पीलीभीत में आयोजित गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। तिरंगा फहराने के बाद सभी ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और मिष्ठान वितरण के साथ राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।



# सुमन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में कॉन्फिडेंस क्लास

## एडुकेटर नेहा पंत जोशी ने विद्यार्थियों को दिया व्यक्तित्व विकास व प्रभावी संवाद का मंत्र

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सुमन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट, पीलीभीत में हाल ही में आयोजित कॉन्फिडेंस क्लास प्रोग्राम के अंतर्गत प्रख्यात एडुकेटर एवं कोच नेहा पंत जोशी ने संस्थान के विद्यार्थियों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं इफेक्टिव इंग्लिश कम्युनिकेशन विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान देकर प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायी विचारों एवं अनुभवों से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, जीवन कौशल तथा प्रभावी संवाद की गहन समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान नेहा पंत जोशी ने विद्यार्थियों को बताया कि आत्मविश्वास और संवाद क्षमता आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सही कम्युनिकेशन व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने के साथ-साथ उसके करियर को भी नई दिशा देता है।

इस अवसर पर सुमन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के निदेशक सौरभ सक्सेना एवं सुरभि सक्सेना ने नेहा पंत जोशी को सम्मान चिन्ह प्रदान कर उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि कोच नेहा पंत जोशी वर्तमान में पुष्प इंस्टिट्यूट में गेस्ट प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसके साथ ही वे मंडल के विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेजों में बच्चों के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन एवं थिएटर वर्कशॉप का नियमित संचालन भी करती हैं। शीघ्र ही वे 'यशस्वी भव क्लासेस' के नाम से इंग्लिश कम्युनिकेशन एवं पब्लिक स्पीकिंग की कक्षाएं प्रारंभ करने जा रही हैं। लगभग 12 वर्षों तक दिल्ली-एनसीआर में कॉर्पोरेट जॉब एवं निवास के पश्चात उन्होंने स्वच्छ वातावरण और सामाजिक योगदान के उद्देश्य से अपने जन्मस्थान पीलीभीत को स्थायी निवास के रूप में चुना। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित नेहा पंत जोशी की लिखी और कही गई प्रेरक कहानियां डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 'द कोच मम्मा' के नाम से व्यापक रूप से लोकप्रिय हैं।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की टनकपुर रोड शाखा एवं सुरभि कॉलोनी शाखा में सोमवार को भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसरों को तिरंगे झंडों, रंग-बिरंगी सजावट एवं देशभक्ति से जुड़े प्रतीकों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण प्रस्तुत किए गए। टनकपुर रोड शाखा से कक्षा चार की प्रियंशी वर्मा, कक्षा पांच की लावी पूनिया, कक्षा तीन के गुरबाज दुआ तथा कक्षा बारह के प्रभास राय ने अपने विचारों से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। वहीं सुरभि कॉलोनी शाखा से कक्षा छह की छात्रा सान्वी ने संविधान, नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर सारगर्भित भाषण देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य और समूह गान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा ग्यारह के शिखर, रमनप्रीत और अनुज द्वारा प्रस्तुत समूह गायन को विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम के दौरान बच्चे हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारे लगाते हुए उत्साह के साथ सहभागिता करते नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

अंत में प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने विद्यार्थियों से अनुशासित, जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की जागरूकता और जिम्मेदारी से ही संभव है।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ हुआ। आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम, एकता और संविधान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने में सफल रहा।

# रोडवेज कर्मचारियों ने परिवहन संगठनों का किया बहिष्कार, शोषण का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



रोडवेज परिवहन डिपो में कर्मचारियों ने डिपो स्तर पर हो रहे कथित शोषण एवं उत्पीड़न को लेकर आपसी चर्चा एवं वार्ता की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याओं की न तो सुनवाई होती है और न ही समाधान किया जाता है। कर्मचारियों का कहना था कि डिपो में कार्यरत विभिन्न कर्मचारी संगठनों के कुछ नेता अधिकारियों से मिलीभगत कर कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं तथा भ्रष्टाचार में भी संलिप्त हैं। आरोप लगाया गया कि यदि कोई अधिकारी संगठन नेताओं के अनुसार कार्य नहीं करता, तो उसे बदनाम करने का प्रयास किया जाता है, जिससे स्वयं को कर्मचारियों के बीच ईमानदार और स्वच्छ दर्शाया जा सके। कर्मचारियों के अनुसार, इस प्रकार संगठन नेता कर्मचारियों की सहानुभूति प्राप्त कर अपनी-अपनी यूनियनों के उच्च पदाधिकारियों के समक्ष स्वयं को प्रभावशाली सिद्ध करने का प्रयास करते हैं।

इन आरोपों के विरोध में कर्मचारियों ने विभिन्न संगठनों का बहिष्कार करते हुए नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन में महिला कर्मचारी भी शामिल रहीं और उन्होंने भी कर्मचारियों के साथ एकजुटता दिखाई।

# धनाराघाट पर साधु संत कर रहे हैं कल्पवास

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- घाट पर श्री रुद्र महायज्ञ की शुरुआत को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने शारदा नदी से जल भरकर कलश यात्रा निकाली

**पूरनपुर।** शारदा नदी के धनाराघाट पर लालबाबा रामनगरिया बसी है। इसमें साधु-संत कल्पवास कर रहे हैं। घाट पर श्री रुद्र महायज्ञ की शुरुआत को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इसमें तमाम श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हिस्सा लिया। एक फरवरी को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा। पीलीभीत जिले के तहसील पूरनपुर में आदि गंगा महाकाली के रूप में पहचान रखने वाली शारदा नदी के धनाराघाट पर हर साल की तरह इस बार भी माघ माह में साधु संतों का जमाबड़ा है। यहां स्थापित लालबाबा रामनगरिया में साधु संत रहकर रोजाना सूर्य निकलने से पहले शारदा नदी में स्नान कर तप, ध्यान और साधना (कल्पवास) कर रहे हैं। भजन कीर्तन के भी आयोजन हो रहे हैं। घाट पर श्री रुद्र महायज्ञ की शुरुआत को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने शारदा नदी से जल भरकर कलश यात्रा निकाली। इस दौरान सभी श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। कार्यक्रम के आयोजक श्रीराम जानकी मंदिर पूरनपुर के महंत बाबा राघवदास ने बताया कि श्री रुद्र महायज्ञ बेदी पूजन के साथ शुभारंभ कर दिया गया है, जो एक फरवरी तक लगातार चलेगा। यज्ञ आचार्य पंडित चंद्रभूषण मिश्रा द्वारा वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दिलाई जाएंगी। पूर्णाहुति व भंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा। दो फरवरी को परेवा है। ऐसे में कल्पवास करने वाले सभी साधु-संत तीन फरवरी को अपने आश्रम जाएंगे। कलश यात्रा में महंत बाबा राघवदास, पं. चंद्रभूषण मिश्रा, मनुराम, सूरज शास्त्री, सेवाराम मौर्य, अखिलेश दीक्षित, भगवानदास वर्मा, दिलीप बाजपेई, बाबा गोपालदास, श्रीकृष्ण दास, चेतन्य दास, रामपाल दास, वीरपाल दास, तुषार वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान तारावती पाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लगभग 27 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



जनपद के विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के प्राइमरी स्कूल करसेमऊ में प्रधानाचार्य शोभिता दुबे सभा अध्यक्ष अमरपाल गौतम और प्राइमरी स्कूल सिंघनापुर में प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार और सभा अध्यक्ष बद्री रावत के साथ संयुक्त रूप से 77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारी ग्राम प्रधान तारावती पाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर गांव की जनता को संदेश दिया कि हम सभी एकजुट होकर अपनी भावी पीढ़ी बच्चों को शिक्षित और संस्कारित करें तभी हमारा देश सुरक्षित और समृद्ध होगा और गणतंत्र दिवस का असली सपना पूरा होगा ।ग्राम प्रधान तारावती पाल ने जहाँ सभी गुरुजनों का स्वागत रोली अक्षत और तिरंगी पट्टिका से किया वहीं सिंघनापुर स्कूल के बच्चों में जाह्नवी वैशाली शिखा नैन्सी ने देश भक्ति के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया कई बच्चों ने कविता और कहानी के माध्यम से उपस्थित लोगों को जागरूक करने का कार्य किया ग्राम प्रधान तारावती पाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लगभग 27 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया इसके पूर्व ग्राम प्रधान के आवास से तिरंगा बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर ग्राम प्रधान तारावती पाल ने रवाना किया

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार पवन पाल नीरज लोधी सुरेंद्र रावेंद्र राजपूत धीरज यादव धरम वीर यादव सुशील आंगनवाणी शैलजा कुमारी आशा रीना रावत अर्चना पाल अमित बाजपेयी लाल बहादुर बिंदा बिटोला सोमवती पाल छोटे लाल सुन्दरा मनोज पाल अनित रावत सहित तीन सैकड़ा लोग उपस्थित होकर इस पुनीत कार्यक्रम के साक्षी बने प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने अंत में कार्यक्रम में आए अपार जन समुदाय के प्रति शीश झुकाकर कृतज्ञता ज्ञापित की।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कस्बे में छात्र रैली से जागरूकता

- एसडीएम समेत जनप्रतिनिधियों ने छात्रों को दिलाई शपथ, नारों से गूंजा कस्बा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




**नवाबगंज ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कस्बे में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र, छात्राओं ने रैली के माध्यम से नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया। जागरूकता रैली को जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों ने झंडी दिखाकर कस्बे में रवाना किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कस्बे में राजकीय बालिका इंटर कालेज के छात्राओं और श्याम लाल इंटर कालेज के छात्रों ने संयुक्त रूप से जन जागरूकता रैली निकाली। रैली को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, प्रभारी बीडीओ शशांक चौधरी, एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय, तहसीलदार अविनाश चौधरी ने झंडी दिखाकर श्यामलाल इंटर कालेज से रवाना किया। छात्र, छात्राओं ने नारों के माध्यम से जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एडीओ आरडी मनोज कुमार, वीडीओ शैलेन्द्र भारतीय, विजय प्रताप सिंह, अनूप सिंह समेत बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल रहे।ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस दौरान एसडीएम ने सभी को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई।

# बालू माफिया सक्रिय: अवैध बालू निकासी में गोरखपुरिया गैंग हावी

## हमीरपुर जिले में स्वीकृत खण्ड जालौन से हो रही अवैध निकासी

**जन एक्सप्रेस। उरई**

जिला हमीरपुर की खदान संख्या 25/21 जो कि डिजियना ग्रुप संचालित कर रहा है। जिसने नदी के बीचों बीच बड़ी पोकलैंड मशीन को खड़ा कर बीच नदी में कुएं की तरह गड्ढे कर उससे मौरंग निकालकर ट्रकों में लोड की जा रही है। ओवरलोड मौरंग भरी होने से करोड़ों रुपये की सड़कें तो बर्बाद हो रही हैं। साथ ही क्षेत्र में भूगर्भ जल की स्थिति भी बहुत दयनीय होती चली जा रही है। वहीं क्षेत्र के किसान इससे चिंतित भी हैं उन्हें यह लग रहा है कि अगर इसी तरह से खनन होता रहा तो भूगर्भ जल बहुत नीचे चला जाएगा। बता दें कि डकोर कोतवाली क्षेत्र के टीकर गांव के पास से हमीरपुर का खंड संचालक बेतवा नदी की जलधारा में हैवीवेट पॉपलैंड मशीनों से खनन कर जालौन की सीमा से अवैध ओवरलोडिंग कर वाहनों का परिवहन कर रहा है। जिसका संचालन डिजीआना ग्रुप द्वारा किया जा रहा है तो वहीं पर इस का ठेका गोरखपुरिया लोगों ने ले लिया है और वह उत्तर प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का खास बताकर अवैध खनन जमकर करवा रहा है। जिस पर ना तो जिला जालौन के प्रशासन के अलावा हमीरपुर




का प्रशासन उस माफिया पर हाथ डाल पा रहा है। वहीं खनन माफिया एनजीटी के नियमों व सरकारी मानकों को ताक पर रखकर खनन किया जा रहा है। इस कारण नदी का आकार भी बिगड़ रहा है। साथ ही स्थानीय गांवों के लोगों को भूगर्भ जलस्तर घटना का भी खतरा सताने लगा है। जब जिला खनिज अधिकारी सनी कौशल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही टीम भेजकर जांच कराई जाएगी और उसी आधार पर कार्यवाही अमल में लाई जाएंगी।

## मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस। उरई**

कोटरा थाना क्षेत्र के कुरकुरु में गरीब मजदूर ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरकुरु निवासी 28 वर्षीय जाबिर उर्फ अन्नी गरीब मजदूर था और मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार को पिता शमीम, मां हसीना खेत पर काम करने गए थे, जबकि छोटा भाई रिजवान भी कहीं निकल गया था। साथ ही पत्नी मुस्कान अपने दो महीने के पुत्र के साथ छत पर धूप में बैठी थी। शाम 4 बजे के लगभग जब वह छत से उतरकर कमरे में आई तो उसे पति कमरे में कपड़े की रस्सी से फंदे पर लटके मिले। इसके बाद उसने तुरंत देवर व सास ससुर को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी विमलेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# बीती रात अधेड़ दम्पति की गोली मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस। मैनपुरी**



मैनपुरी के बरनाहल क्षेत्र के गांव फूलापुर में बीती रात अधेड दम्पती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुबह मृतक का भाई घर पहुंचा तो देखा दोनों के शव घर के अंदर पड़े हुए थे। डबल मर्डर की सूचना पर पुलिस अधीक्षक, एसपी ग्रामीण , डॉग स्वाकाइड, फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

थाना क्षेत्र के गांव फूलापुर निवासी महेश चन्द्र पुत्र राजाराम शाक्य उम्र 52 वर्ष खेतीबाड़ी कर अपनी पत्नी अनीता देवी उम्र 49 वर्ष के साथ रहते है। उनके दो लड़के ललित, अंकित दिल्ली में रहकर टैक्सी चलाते है। बेटी आरती के शादी सात साल पहले हो चुकी है। वहीं दूसरे बेटे ललित की भी शादी हो चुकी है। दूसरे बेटा अंकित अविवाहित है। बीती रात महेश चन्द्र और उनकी पत्नी की गोली मारकर हत्या हो गई। मंगलवार सुबह घर से 8 बजे तक घर से केई नहीं निकला तो उनका भाई रामलखन घर पहुंचा। घर के पहले ही कमरे में महेंद्र चन्द्र का शव तख्त पर लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। वहीं दूसरे कमरे अनीता का शव तख्त पर पड़ा हुआ था। दोनों के शव देखकर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साह, एसपी ग्रामीण राहुल मिठास, सीओ करहल अजय सिंह चौहान, थानाध्यक्ष अनुरूद्ध प्रताप सिंह पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे। डॉग स्वाकाइड, फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने घर बारीकी छानबीन की। साथ ही मामले की हर पहलू पर जांच कर रही है। वहीं जानकारी होने पर परिजनों को ढांढस बधाने ब्लॉक प्रमुख नीरज यादव पहुंचे।

## आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जन एक्सप्रेस। उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया निवासी 36 वर्षीय अमर सिंह अपने गांव के ही प्रदीप के साथ उरई के किरन गार्डन एक त्रियोदशी भोज में शामिल होने जा रहे थे। बताया गया कि जब वह नारायण होटल के पास पहुंचे। तभी उरई की तरफ से ग्राम मुहम्मदाबाद निवासी आशिक 22 वर्ष शराब के नशे में गलत दिशा में आ रहा था। जिसने कुसमीलिया की तरफ से आ रहे बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जबकि आशिक धोबी को गंभीर हालत में इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया है। जहां पर सोमवार रात को इलाज के दौरान आशिक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अज्ञात कारणों में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। उरई**

आटा थाना क्षेत्र में भभुआ मजार के समीप रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। आटा कस्बा निवासी वीर सिंह अहिरवार सोमवार को अपने भांजे के अंतिम संस्कार में शामिल होने हरदोई गुर्जर गए हुए थे, जबकि घर पर दोनों बेटे और एक बेटी मौजूद थे। इसी दौरान शाम के समय वीर सिंह के मोबाइल पर उनके बड़े बेटे अभय राज का फोन आया, जिसमें उसने भावुक आवाज में मम्मी से आख़िरी बार बात कराने की बात कही और फोन काट दिया। पिता द्वारा दोबारा कॉल करने पर मोबाइल बंद मिला। जिससे उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। देर रात जब परिवार हरदोई गुर्जर से वापस लौटा और अभय राज घर पर नहीं मिला तो परिजनों ने तत्काल आटा थाना पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्जकर युवक की तलाश शुरू कर दी। मोबाइल लोकेशन की जांच में अभय राज की आख़िरी लोकेशन आटा रेलवे स्टेशन के पास मिली, जिसके बाद खोजबीन तेज कर दी गई।

इसी दौरान रेलवे स्टेशन से सूचना मिली कि आटा रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा है। तलाश आगे बढ़ी तो सामने आया कि युवक का शव ट्रेन से कटकर कई टुकड़ों में बंट चुका था, जिसके कुछ हिस्से आटा क्षेत्र में, कुछ थोड़ी दूरी पर और कुछ भभुआ के पास मिले। देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान लापता युवक अभय राज के रूप में की।

# मोबाइल गुम हुए महीनों बीते तो आस छोड़ दी, वापस मिलने पर खिल उठे चेहरे

**जन एक्सप्रेस। उरई**

जिले में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिनके मोबाइल गुम हो गए या चुरा लिए गए। महीनों बीतने पर भी जब उनके मोबाइल नहीं मिले तो आस ही छोड़ दी। लेकिन, जब पुलिस ने उनके हाथों में मोबाइल थमाए तो चेहरे खिल गए। पुलिस ने जिले में गुम हुए 121 मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 18 लाख रुपए बताई गई है। एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने बताया कि जिले में लगातार मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट मिल रही थी।ज्यादातर रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल सीईआईआर पर डाली गई। मोबाइल बरामद करने के लिए साइबर थाना और संबंधित थानों की पुलिस को लगातार निगरानी के लिए कहा गया। लगातार प्रयास करने पर सामने आया कि गुम हुए मोबाइल एमपी, बिहार, यूपी, हरियाणा सहित राजस्थान में एक्टिव हैं। तकनीकी रूप से



इनकी लोकेशन का पता लगाया गया और 121 मोबाइल बरामद कर लिए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 18 लाख 15 हजार रुपए है। छानबीन करने पर सामने आया कि ज्यादातर मोबाइल बुजुर्ग, महिला, विद्यार्थियों व मजदूरों के हैं। बरामद किए गए मोबाइल उनके मालिकों को दिए जा रहे हैं। आस छोड़ चुके लोगों को जब अपने गुम मोबाइल वापस मिले तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर एएसपी प्रदीप कुमार, साइबर थाना प्रभारी विवेक कुमार मौर्या, सब इंस्पेक्टर शिवेंद्र सिंह परमार, सब इंस्पेक्टर एकांश सिंह, कांस्टेबल विवेक यादव, शरद कुमार, आलोक मिश्रा, राधेश्याम, पूनम शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर गंवाई जान

**जन एक्सप्रेस। उरई**

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना के मजरा निधानन का डेरा में पति से हुई मामूली कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना के मजरा निधानन का डेरा में सोमवार रात को वीरेंद्र निषाद का अपनी पत्नी कमला देवी 22 वर्ष से विवाद हो गया। उसके बाद ही महिला ने संदिग्ध हालात में कमरे में फासी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बहार दानी बाबा के स्थान पर मेला लगा था। सोमबार सुबह कमला ने अपने पति से मेला देखने की बात कही तो पति ने डांट कर मना कर दिया। जबकि शाम को शराब पीकर घर आया तो पत्नी ने शराब पीने से मना कर दिया। जिस पर दोनों के बीच में विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से में आए पति ने कमला के साथ मारपीट कर दी थी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मृतका के मायके को सूचना दी। वही मृतका के मायके पक्ष ने पति व ससुराल वालों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिंह ने बताया की मृतका पक्ष हत्या का आरोप लगा रहे है फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भारत के संविधान का पालन करते हुए संविधान के प्रति समर्पित रहना चाहिए: डीएम

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

77वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर डीएम अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजा रोहण किया तथा अपर जिलाधिकारी वि0रा0, प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव, पूनम भास्कर आदि के साथ महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यपर्ण कर पुष्प अर्पित कियें तथा उपस्थित लोगों को भारत के संविधान एवं पंच प्रण की शपथ दिलायी और सभी ने राष्ट्रगान गाया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को सम्बोधित करते हुए डीएम ने कहा कि सभी को भारत के संविधान का पालन करना चाहिए और संविधान के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उन्होने कहा कि हम सबको देश को आजादी दिलाने वाले वीर जवानों एवं संविधान रचिताओं को नमन करें और भारत के मजबूत संविधान को बनाये रखने में सभी का सहयोग अनिवार्य है। इस अवसर पर विभिन्न




विद्यालयों के बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने स्वच्छता गृहियों, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों तथा प्रसाशनिक कार्यो में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले कर्मचारियों आदि को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने उद्यान वाटिका में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर एडीएम व नगर मजिस्ट्रेट के साथ माल्यापर्ण कर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके उपरान्त डीएम ने पुलिस लाइन से गांधी भवन तक निकाली गयी विभिन्न विभागों की रोड शो झांकी की सिनेमा चौराहे पर सलामी ली तथा गांधी में उत्कृष्ट झांकी प्रस्तुत करने वाले विभागाध्यक्षों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। झांकी मे प्रथम पुरस्कार राजस्व विभाग, द्वितीय पुरस्कार पशुपालन विभाग तथा द्वितीय स्थान माध्यमिक शिक्षा विभाग को मिला। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## म्यूजिक के माध्यम से लोगों तक पहुंचने के लिए ब्रिजस्टोन इंडिया ने पंजाबी स्टार परमिश वर्मा से मिलाया हाथ

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ब्रिजस्टोन इंडिया ने पंजाब के लोकप्रिय गायक, अभिनेता एवं यूथ आइकॉन परमिश वर्मा के साथ साझेदारी का एलान किया है। यह साझेदारी प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में उपभोक्ताओं के साथ अपने जुड़ाव को मजबूती देने की कंपनी की विशेष रणनीति का हिस्सा है। इस साझेदारी को लेकर ब्रिजस्टोन इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राजीव शर्मा ने कहा, उत्तर भारत हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार है। परमिश वर्मा की विश्वसनीयता और श्रोताओं के साथ गहरा जुड़ाव उन्हें ब्रिजस्टोन को रिप्रजेंट करने के लिए आदर्श साथी बनाता है। इस साझेदारी से हमें नए, प्रेरणादायक और भरोसेमंद अनुभव चाहने वाले युवाओं के साथ सार्थक तरीके से जुड़ने में मदद मिलेगी। अपना उत्साह प्रदर्शित करते हुए परमिश वर्मा ने कहा, ब्रिजस्टोन एक ऐसा ब्रांड है, जिस पर लोग सुरक्षा और शानदार प्रदर्शन के लिए भरोसा करते हैं। मुझे एक ऐसी कंपनी के साथ जुड़ने का गर्व है, जो गुणवत्ता को महत्वदेती है और ग्राहकों को सबसे आगे रखती है। मैं इस साझेदारी के माध्यम से नए और सार्थक तरीके से लोगों से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं।

# जनपद में ध्वजारोहण कर धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

जनपद में 77 वे गणतंत्र दिवस पर सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों व स्वयंसेवी संगठनों ने ध्वजारोहण कर बड़ी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया। इस मौके पर शिक्षण संस्थानों में स्कूली बच्चों ने तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमो में भाग लेकर देश की सांस्कृतिक व प्राकृतिक झांकियों का प्रदर्शन किया। 77 वे गणतंत्र दिवस पर ज्ञान स्थली इन्टर कलेज हरपालपुर में प्रबंधक तेजेन्द्र शुक्ला, जीनियस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह, मदन मोहन इंटर कालेज सतौथा में प्रबंधक शिवाकांत त्रिपाठी,ने ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस पर मदन मोहन इंटर कालेज सतौथा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हाई स्कूल 2025 की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने बाले मेधावी छात्र आदित्य कुशवाहा को प्रबंधक शिवाकांत त्रिपाठी ने साइकिल देकर तथा कार्यक्रम में आये अतिथियों को शाल भेंटकर सम्मानित किया।इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक शिवाकांत त्रिपाठी ने घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र में अन्तिम संस्कार के लिए शव यात्रा में जाने बाले लोगो को



गंगा तट पर अंत्येष्टि के लिए शव यात्रियों को पहुंचाने हेतु वह जल्द ही एक वाहन की व्यवस्था कर जनता को समर्पित करेंगे। इस वाहन पर 40 लोग सवार होकर शव के अंतिम संस्कार में शामिल हो सकेंगे।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी,प्रधान प्रतिनिधि राहुल त्रिपाठी,प्रधानाचार्य दिव्यांशु त्रिपाठी सहित समस्त स्टाफ व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।साण्डी थाना क्षेत्र के अमलौखा स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक संतराम यादव द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई।इस अवसर पर प्रबंधक संतराम यादव ने अपने संबोधन में संविधान की महत्ता, देश के महापुरुषों के आदर्शों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, देशभक्ति कविताएँ एवं आकर्षक झांकियाँ प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, अशोक यादव, अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। श्री आशाराम इंटर कॉलेज, राजेंद्र नगर तिराहा साण्डी में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, आकर्षक झांकियाँ, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें राष्ट्रप्रेम और सामाजिक संदेश की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महापुरुषों के जीवन एवं उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार, शिक्षकगण, अभिभावक तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने शहीद की प्रतिमा का किया अनावरण

**जन एक्सप्रेस। शाहाबाद**

शाहाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम नरहाई में सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अमर शहीद सैनिक की प्रतिमा का प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अनावरण किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर अमर




शहीद सैनिक भगवान शरण पाल की प्रतिमा का अनावरण करते हुए उन्हें गर्व हो रहा है। वीर सैनिक ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणो की बलि दी है, जो इस विधान सभा के लोगों के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने इस दौरान भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बोलते हुए सभी को समान रूप से लाभान्वित किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार ने बहन बेटियों के हक़ में जो मिशन शक्ति योजना चलाई है। उससे महिलाओं को निर्भीक होकर कहीं भी बिना भय के आने जाने में सुविधा मिली है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, मनोज राजपूत, प्रधान रामरूप कुशवाहा सहित ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, मेधावी छात्र-छात्रा पुरष्कृत

**जन एक्सप्रेस। हरपालपुर**

कस्बे के जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र चौहान ने गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली और ध्वजारोहण किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रबंधक श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्र की मजबूती के लिए सामाजिक समरसता अनिवार्य है। उन्होंने जोर दिया कि बिना भेदभाव के सभी जाति व संप्रदायों को विकास के समान अवसर मिलने चाहिए, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव



है।समारोह के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक और खेल प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक अंक लाने वाले और खेल स्पर्धाओं में अव्वल रहने वाले छात्र-छात्राओं को 5-5 हजार रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसके अलावा खेल, विज्ञान और कला के क्षेत्र में वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 372 छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### तलवारबाजी रही आकर्षण का केंद्र

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रिचा सिंह द्वारा दिखाए गए तलवारबाजी के जौहर ने खूब तालियां बटोरीं। उनकी साहसी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।इस अवसर पर प्राइमरी बिंग के प्रधानाचार्य गजेंद्र राठौर, दुर्गा पांडे, प्रतिभा सिंह, शिवेंद्र वीर विक्रम सिंह समेत विद्यालय के समस्त वरिष्ठ शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार व अधिवक्ता अरुणेश बाजपेई का निधन

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

जनपद के वरिष्ठ पत्रकार व अधिवक्ता तथा अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे अरुणेश बाजपेई का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन से विधि, पत्रकारिता, साहित्य और सामाजिक सेवा जगत में शोक की लहर है।अरुणेश बाजपेई लंबे समय तक सांस्कृतिक संस्था प्रतिबिंब के अध्यक्ष रहे। वे वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट में ट्रस्टी के रूप में जुड़े रहे, जहां हर वर्ष गरीब परिवारों के विवाह में सहयोग कर सामाजिक दायित्व निभाया। इसके अलावा वह एक दैनिक



अखबार में लंबे समय तक ज़िला प्रभारी के रूप में कार्यरत रहे।वह जनपद की प्राचीन साहित्यिक संस्था श्री सरस्वती सदन के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे तथा रफी अहमद किदवाई इंटर कॉलेज के प्रबंधक के रूप में भी सेवाएं दीं। वे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य रहे। विभिन्न संस्थाओं के मार्गदर्शन में उनकी भूमिका सदैव अग्रणी रही, जिसे जनपद लंबे समय तक याद रखेगा।

# डीएम के तहसील लालगंज के सघन निरीक्षण से अधिकारियों-कर्मचारियों में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मंगलवार को तहसील लालगंज का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील के समस्त पटलों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों तथा न्यायालयीन कार्यों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व पत्रावलियों, भूलेख पटल, खतौनी कक्ष, पट्टा रजिस्टर, आय एवं जाति प्रमाण पत्र पटल, नजारत, रिकॉर्ड रूम एवं न्यायालय से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया।

डीएम ने एसडीएम कोर्ट में रखी विभिन्न धाराओं राजस्व वाद की धारा-76, धारा-38, धारा-116, धारा-176, धारा-133, धारा-80 आदि का गहनता से निरीक्षण किया जिसमें पेशकार की कार्यप्रणाली ठीक नही पायी गयी, पत्रावलियों में विभिन्न प्रकार की कमियां जैसे अनेक फाइलों में प्रार्थना पत्र संलग्न नहीं थे, कुछ मामलों में लेखपाल के बयान दर्ज हो जाने के बावजूद आदेश टाइप कर महीनों से लंबित पड़े थे, जबकि कई पत्रावलियों में लेखपाल के हस्ताक्षर तक नहीं पाए गए। इसके अलावा, कई वादों में वादकारियों को अंतिम अवसर दिए जाने के बावजूद भी निर्णय नहीं लिया गया था तथा धारा वार पत्रावलियों का रखरखाव ठीक नही पाया गया जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एसडीएम के पेशकार रमेश के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी का पूर्व में निरीक्षण निर्धारित था उसके बावजूद भी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार द्वारा निरीक्षण बुकलेट का अवलोकन नहीं किया गया और बगैर अवलोकन के ही निरीक्षण के दौरान डीएम के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया जिसमें आधी-अधूरी सूचनायें अंकित पायी गयी जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की, पूर्व में निर्देश दिये गये थे कि अपने-अपने न्यायिक कोर्ट का निरीक्षण कर निर्धारित बिन्दुओं पर अपनी सूचनायें उपलब्ध करायेगें लेकिन एसडीएम द्वारा न्यायिक कोर्ट का निरीक्षण नहीं किया गया और सूचनाये भी उपलब्ध नहीं करायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लालगंज को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट का निरीक्षण किया और कोर्ट की पत्रावलियों का गहनता से अवलोकन किया गया जिसमें अनेको प्रकार की कमियां पायी गयी तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया तो यह पाया गया कि एक कर्मचारी माह मई 2025 से चिकित्सा अवकाश पर है और उपस्थिति पंजिका में चिकित्सा अवकाश नही दर्शाया गया था, वहीं यह भी पाया गया कि माह फरवरी 2025 का महीना 28 दिन का होता है लेकिन कुछ कर्मचारियों द्वारा 29 व 30 तारीख में उपस्थिति दर्ज की गयी थी जिस पर उपजिलाधिकारी न्यायिक लालगंज के पेशकार सुरेन्द्र कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये और उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करें। डीएम ने तहसील में बने अभिलेखागार का निरीक्षण किया जिसमें अग्निशमन यंत्र ठीक पाया गया, अभिलेखागार के प्रभारी महेश चन्द्र तिवारी द्वारा बताया गया कि अभिलेखागार में 2 वर्ष का रिकार्ड रखा गया है लेकिन जब उसे खुलवाकर देखा गया तो उसमें कई वर्षो के रिकार्ड पाये गये, कुछ पत्रावलियों में रिकार्ड ही नही थे जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये अभिलेखागार के प्रभारी के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये। तहसील के राजस्व कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां पर पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से न पाये जाने व साफ-सफाई न होने पर आर0आई0 अमृत लाल व राम सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार डीएम ने तहसीलदार कोर्ट की पत्रावलियॉ का निरीक्षण कर तहसीलदार व पेशकार को निर्देशित किया कि जो भी पत्रावलियॉ लम्बित है उसका निस्तारण समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये।

# विद्यालय व छात्रावासों में हुआ ध्वजारोहण तथा आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रम




**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वादय विद्यालय नरायनपुर एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास लालगंज, रामपुरसंग्रामगढ़, कालाकांकर, लखपेड़ा भवानीगंज एवं पट्टी में गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं आर्कषक ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय गणतंत्र का संकल्प एवं स्वच्छता शपथ लिया गया। जय प्रकाश नारायण सर्वादय विद्यालय नरायनपुर में मुख्य अतिथि विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के छात्रों एवं समस्त स्टाफ को भारतीय गणतंत्र के संकल्प एवं स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी, साथ ही विद्यालय हेतु दो सोलर हाइमास्ट लाइट एवं टीनसेड अपने निधि से दिये जाने की घोषणा की गयी।

इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य व विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक व अभ्यर्थी उपस्थित रहे। छात्रावास लालगंज में मुख्य अतिथि डी. पी. ओझा पूर्व प्राचार्य हेमवतीनन्दन बहुगुणा पी जी कालेज, लालगंज, छात्रावास-रामपुर संग्रामगढ़ में मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद तिवारी प्रतिनिधि सांसद राज्य सभा, छात्रावास-कालाकांकर में मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह ग्राम प्रधान कालाकांकर, छात्रावास-लखपेड़ा कोटा भवानीगंज में ओमानन्द द्विवेदी ग्राम प्रधान, छात्रावास-पट्टी में अशोक कुमार जायसवाल अध्यक्ष नगर पंचायत समस्त सभासद के साथ उपस्थिति रहे।

# मंदिर परिसर में अभद्रता करने वाले तीन युवक गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने माँ बेल्हादेवी मन्दिर में अभद्रता करने वाले तीन युवकों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। बता दें कि नगर कोतवाली थाना इलाके के माँ बेल्हा देवी मंदिर परिसर में गणतंत्र दिवस के दिन चार युवक सिगरेट पीते हुए लड़कियों पर छींटाकशी व अभद्र टिप्पणी कर रहे थे। पूछताछ में गलत नाम बताकर बाद में सही नाम स्वीकार किए तथा गाली-गलौज व धमकी देने से मौके पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होने के बाद पुलिस ने चार युवकों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के बेल्हा चौराहे के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त फरहान व मोहम्मद जीशान थाना इलाके के पूर्वी सहोदरपुर के रहने वाले हैं और मो सिराज थाना इलाके के तेलिया चौराहे का निवासी है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया।

## जेल अधीक्षक ने कारागार में किया ध्वजारोहण, स्वच्छता की दिलायी शपथ

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद में सोमवार को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी द्वारा कारागार के मुख्यद्वार पर निर्धारित समय सुबह साढ़े आठ बजे ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा साथ स्वच्छता हेतु सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी। इसके उपरान्त मुख्यालय कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें उ.प्र. लखनऊ द्वारा आकाश सिंह जेल वार्डर को प्रशस्ति चिन्ह (रजत) व प्रशंसा प्रमाण-पत्र जेल अधीक्षक द्वारा प्रदान किया गया। इसके पश्चात कारागार के अन्दर बंदियों से ध्वजारोहण कराया गया तथा बंदियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अधीक्षक द्वारा बंदियों को मिष्ठान एवं फल वितरित किया गया। इसी क्रम में महिला बैरक में महिला बंदियों तथा उनके साथ रह रहे बच्चों तथा कारागार चिकित्सालय में मिष्ठान एवं फल वितरित किया गया। इस अवसर पर जेलर वीरेन्द्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर्स शारदा देवी सहित निखिल निमेश, ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, लाला राम तथा समस्त कारागार कर्मी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची अद्यतन कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

## ब्लॉक मिठौरा में स्थापित मतदाता सुविधा केंद्रों पर ऑनलाइन अपलोडिंग प्रक्रिया का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद महराजगंज में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने निचलौल तहसील अंतर्गत ब्लॉक मिठौरा में स्थापित मतदाता सुविधा केंद्र (बूथ) का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत एस.आई.आर. फार्म के माध्यम से मतदाता पहचान संबंधी नोटिस तथा नये मतदाताओं द्वारा फार्म-06 भरने के बाद प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड कर अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत ब्लॉक मिठौरा परिसर में कुल तीन बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें दो बूथ ब्लॉक परिसर में तथा एक बूथ ब्लॉक सभागार में संचालित किया जा रहा है।

प्रत्येक बूथ पर 20-20 मतदान केंद्रों से संबंधित कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 60 मतदान केंद्रों के मतदाता आवेदनों को कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से व्हाट्सएप एवं कंप्यूटर द्वारा ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है, जिससे एक पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। निरीक्षण के समय प्रथम बूथ पर प्राप्त 223 मतदाता फार्मों में से 41, द्वितीय बूथ पर 76 फार्मों में से 21 तथा तृतीय बूथ पर 95 फार्मों में से 22 मतदाताओं के फार्म सफलतापूर्वक अपलोड किए जाने की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने बूथों पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को निर्देशित किया कि मतदाताओं के नाम, पिता/पति के नाम की स्पेलिंग एवं मात्रा का विशेष ध्यान रखते हुए सही प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही मतदाताओं की फोटो स्पष्ट एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है, इसलिए इसमें शुद्धता और पारदर्शिता सर्वोपरि है। प्रशासन इस महत्वपूर्ण कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को किया गया सम्मानित

## गणतंत्र दिवस- 2026 : पुलिस लाइन में डीएम ने ध्वजारोहण कर, पुलिस परेड की ली सलामी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद की पुलिस लाइन परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम शिव सहाय अवस्थी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा आयोजित भव्य पुलिस परेड की सलामी लेकर उसका निरीक्षण किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस बल को भारतीय गणतंत्र की गरिमा, संविधान की मर्यादा एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक स्वरूप गुब्बारों को उड़ाया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने परेड में शामिल सभी टोली कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। परेड में पुलिस कार्यालय, महिला पुलिस, अभियोजन कार्यालय, गरुड़ वाहिनी, मिशन शक्ति, यूपी-112, स्वाट टीम, पुलिस रेडियो शाखा, अग्निशमन दल सहित विभिन्न इकाइयों ने अनुशासित एवं आकर्षक प्रदर्शन किया। डीएम शिव सहाय अवस्थी ने परेड की उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना करते हुए पुलिस बल के अनुशासन, समर्पण एवं कार्यकुशलता की प्रशंसा की। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में। डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सीमा पर देश की रक्षा कर रहे जवानों, आंतरिक सुरक्षा में तैनात पुलिस बल, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनसामान्य को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पुलिस महानिदेशक उ.प्र. द्वारा प्रदान किये गये सिल्वर एवं प्रमाण पत्र से नरेन्द्र सिंह, संतोष यादव, गोविन्द सिंह, सनोज कुमार व आशुतोष पाण्डेय को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजत परेड में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले परेड कमाण्डरों आदि को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहीद के परिजन को भी सम्मानित किया।

# पड़ियाताल मंदिर में राधा-कृष्ण की प्राण-प्रतिष्ठा, भक्तिमय हुआ क्षेत्र

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महाराजगंज**



राजाबारी ग्राम पंचायत के पड़ियाताल स्थित प्रसिद्ध समय माता मंदिर परिसर में मंगलवार को भगवान श्रीराधा-कृष्ण की मूर्तियों की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर सहित पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और जयकारों के बीच साधु-संतों, विद्वान पंडितों एवं क्षेत्रीय धर्माचार्यों की उपस्थिति में विधिवत पूजन कर प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। जिसमें रमगढ़वा, राजाबारी, नौड़ीहवा, ठूठीबारी सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या श्रद्धालु शामिल हुए और धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था की सराहना भी की गई। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ऋषिकेश यादव, ग्राम प्रधान रमगढ़वा ओमप्रकाश चौहान, अजय यादव, प्रदीप श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में मां-बेटी पर लोहे की रॉड से हमला

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**

पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कामता बुजुर्ग में पुरानी रंजिश को लेकर महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो लोगों ने लोहे की रॉड से हमला कर मां-बेटी को लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

पीड़िता सरस्वती पत्नी योगेंद्र गुप्ता, निवासी ग्राम पंचायत कामता बुजुर्ग ने पनियरा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 27 जनवरी को गांव के अखिलेश पुत्र सीत वर्मा एवं सीत वर्मा पुत्र अज्ञात ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें और उनकी पुत्री उर्मिला के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान दोनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।

इस हमले में सरस्वती और उनकी बेटी उर्मिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि घायल महिला सरस्वती जमीन पर गिरी हुई है, जबकि उसकी पुत्री उर्मिला को आरोपी युवक द्वारा बेरहमी से पीटा जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो का जन एक्सप्रेस अखबार पुष्टि नहीं करता है।

इस संबंध में पनियरा थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वीवीपैट स्ट्रांग रूम (वेयरहाउस/गोदाम) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम में तैनात सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, विद्युत सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक इंतजामों की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि ईवीएम एवं वीवीपैट का रखरखाव भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा स्ट्रांग रूम में नियमानुसार ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता 24म7 बनी रहनी चाहिए। साथ ही सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य करें और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के सुरक्षित भंडारण की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गार्डों की तैनाती, विद्युत व्यवस्था तथा रोस्टरवार कार्मिकों की ड्यूटी को निर्धारित मानकों के अनुसार रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नन्द प्रकाश मौर्या उपस्थित रहे।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया ध्वजारोहण, स्वच्छता की दिलायी शपथ

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में सोमवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण करने के उपरान्त राष्ट्रीय गान का सामूहिक गान करते हुये वहां पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प तथा स्वच्छता की शपथ दिलायी एवं जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डीएम ने कहा कि आज का दिन उन महापुरुषों को स्मरण करने का है, जिन्होंने राष्ट्रहित में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। भारतीय संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को आत्मसात करती है और हमारा संविधान पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोता है। यह सशक्त लोकतंत्र देश की अखंडता और एकता का आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी राष्ट्र की एकता और अखंडता पूरी तरह सुरक्षित है। देश की सीमाओं में किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं हुआ है और न ही किसी बाहरी शक्ति द्वारा हस्तक्षेप किया जा सका है। इसी प्रकार हमारा संविधान और उसके मूल्य पूरी तरह सुरक्षित हैं।

संवैधानिक मूल्य न केवल शासन व्यवस्था और विधि के शासन में बल्कि आम नागरिकों की चेतना और विचारधारा में भी जीवंत रूप से दिखाई देते हैं। इस अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्र व देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के उपरान्त उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों की गणतंत्र दिवस का संकल्प व स्वच्छता की शपथ दिलायी। इसके अलावा जनपद के शासकीय एवं अशासकीय स्तर पर गणतंत्र दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# गणतंत्र दिवस की नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं































































# पुलिस लाइन में भव्य आयोजन, मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने फहराया तिरंगा, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर 77वां गणतंत्र दिवस जनपद भर में हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुआ, जहां माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश गिरीश चंद्र यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस परेड की सलामी ली। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया गया, जिससे पुलिस बल का मनोबल बढ़ा। वहीं जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। अपने संबोधन में मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि 26 जनवरी भारतीय लोकतंत्र का गौरवशाली दिवस है। इसी दिन वर्ष 1950 में देश का संविधान लागू हुआ और भारत एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न गणराज्य बना। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित सभी महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग और दूरदृष्टि के कारण हमें लोकतंत्र की मजबूत नींव मिली। मंत्री ने कहा कि आज भारत विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा और विकास के हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने सभी नागरिकों से संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और राष्ट्रीय एकता के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और आम नागरिक उपस्थित रहे।

# युजीसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए आप पार्टी के नेता समाजसेवी अतुल तिवारी

- बात जब सवर्ण समाज की आती है, तो सभी राजनैतिक पार्टी के नेता लोग शांत हो जाते हैं यह बहुत शर्म की बात है: अतुल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर सवर्ण आर्मी के बैनर तले तमाम सामाजिक संगठन, छात्र नेता व राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के खिलाफ जोरदार तरीके से विरोध प्रसन्न करते हुए हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग जुलूस निकाले और कलेक्ट्रेट जिला मुख्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन शौपे।उक्त विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला मीडिया प्रभारी व अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल उ.प्र. के प्रदेश संगठन मंत्री, समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि अगर किसी दूसरे समाज, जाति, धर्म के खिलाफ किसी भी तरह अन्याय व गलत कार्य होता है तो तमाम विपक्षी पार्टियों एवं हमारी आम आदमी पार्टी सभी बड़े नेता एवं कार्यकर्ता व हम सभी लोग मिलकर गलत व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं व जरूरत पड़ने पर प्रदर्शन भी करते हैं, लेकिन बात जब सवर्ण समाज की आती है, तो सभी राजनैतिक पार्टी एवं सभी बड़े नेता लोग शांत हो जाते हैं, यह बहुत ही शर्म की बात व बहुत ही चिंता का विषय है लेकिन फिर भी मैं यह आशा करता हूं कि जल्द ही हमारी आम आदमी पार्टी इस विषय पर अपनी सही प्रतिक्रिया देगी और यूजीसी जैसे काले कानून का विरोध हम सभी मिलकर इस काले कानून त्वष्ट का विरोध करेंगे, और किसी भी छात्रों का भविष्य अंधकार में नहीं जाने देंगे त्वष्ट के काले कानून के अंतर्गत मैं अपने जिले के किसी भी छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ व अन्याय नहीं होने दूंगा मैं यह शपथ लेता हूं।उक्त विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल हुए सवर्ण आर्मी के प्रदेश सचिव प्रवीन त्रिपाठी, करणी सेना जिलाध्यक्ष सुजीत सिंह, छात्र नेता विराज ठाकुर चंदेल, छात्र नेता विशाल सिंह, सूरज मिश्रा, पवन पंडित, नीलेश मिश्रा भूपती, रतन सिंह टाटा, समाजसेवी जज सिंह अन्ना, साकेत सिंह, प्रभात सिंह, नितेश तिवारी, आकाश मिश्रा, अमन श्रीवास्तव, गौरव सिंह, हर्ष सिंह, प्रिंस तिवारी इत्यादि भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## 26 शीशी अवैध देशी शराब संग दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों से पुलिस ने 26 शीशी अवैध देशी शराब संग दो विक्रेताओं को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी ऐक्ट के तहत दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें चलान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर आदिनाथ पुर गांव में अवैध शराब बेचे जाने की सूचना पर वहां पहुंच झोले में लेकर शराब बेच रहे सुभाष यादव निवासी बनुआडीह को हिरासत में ले लिया गया। उसके पास से 14 शीशी अवैध शराब बरामद की गई। इसी तरह पटैला बाजार से मदनलाल गौतम निवासी कलापुर खेतासराय को हिरासत में लिया गया। उसके झोले से 12 शीशी अवैध देशी शराब बरामद की गई। दोनों को आबकारी ऐक्ट में निरुद्ध कर चलान न्यायालय भेज दिया गया।

## रहस्यमय बिमारी से आधा दर्जन मवेशियों की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन थाना बदलापुर विकास खंड के गोमती नदी तट पर स्थित सुतौली गांव में रहस्यमय बिमारी की चपेट में आकर तमाम मवेशी असामयिक काल के गाल में समा रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर आधा दर्जन से अधिक भैंस, गाय, बछड़े और बकरियां इसकी जद में आकर मर चुकी है। चिकित्सक इसे कुत्ता काटने से मौत बता रहे हैं। पशुपालक रहस्यमय बिमारी से दहशत में हैं। बिमारी की चपेट में आकर गांव निवासी ओमकार गौतम की दो भैंस,जयनाथ गौतम की एक भैंस, हंसराज उर्फ शटरू की एक गाय और सागर गौतम का एक बछड़ा और दो बकरियां मर चुकी है। इनके पड़ोसी सूरज गौतम की एक भैंस रोग की जद में है। पशुपालकों का कहना है कि बिमारी की चपेट में आते ही मवेशी सबसे पहले चारा पानी छोड़ देते हैं। फिर वे खूंटा, दीवार और जमीन पर इतनी तेजी से सिर रगड़ने लगते हैं कि खून रिसने लगता है। इसके अलावा मवेशी बैठते ही उठ जाते हैं। अपनी जीभ लपलपाते रहते हैं। ऐसा करते हुए तीन से चार दिनों के भीतर उनकी मौत हो जाती है। इस रहस्यमई बिमारी को लेकर पशुपालकों में भय बना हुआ है। इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी घनश्यामपुर डाक्टर टीएन ने बताया कि लक्षण के हिसाब से मौत कुत्तों के काटने हुई है।

## पाक्सो का आरोपित गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन रामनगर तिराहे से पुलिस ने मंगलवार की भोर किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके से किशोरी को भी बरामद कर लिया है। आरोपित के खिलाफ पाक्सो सहित विभिन्न सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। वहीं किशोरी को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में मेडिकल मुआयना के लिए अस्पताल भेज दिया गया। किशोरी और आरोपित अलग अलग धर्म के हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने गत 21 जनवरी को थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को इसी थाना क्षेत्र के कृष्णापुर गांव निवासी अजीज मोहम्मद बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया। मोबाइल डिटेल के आधार पर उसका लोकेशन पहले प्रयागराज उसके बाद हैदराबाद का मिला। पुलिस लगातार उसके मोबाइल लोकेशन पर नजर रखे हुए थी। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मंगलवार की सुबह उसका लोकेशन रामनगर बाजार के पास मिलते ही घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके साथ आ रही किशोरी को भी बरामद कर लिया गया।

## धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**जन एक्सप्रेस। हर्रैया। बस्ती।** हर्रैया तहसील क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में धूमधाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। विद्यालयों में बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों को मिष्ठान व पुरस्कार वितरण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय हर्रैया पर अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजू ने ध्वज फहराया। इस दौरान सभासद धर्मध्वज सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, जटाशंकर सिंह, विकास वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहें। हर्रैया तहसील में एसडीएम सत्येन्द्र सिंह ने ध्वज फहराया। इस दौरान तहसीलदार अभय राज व लेखपाल संघ अध्यक्ष कृष्ण मोहन पटेल, छोटेलाल, प्रमोद कुमार, अजय राज सहित अन्य लोग मौजूद रहें। ग्राम न्यायालय में न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने अधिवक्ताओं साथ ध्वज फहराया। इस दौरान पेशकार अविनाश चन्द्र पांडेय, सहायक नाजिर शिवेंद्र बहादुर चंद, बार के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद दूबे शामिल रहे।

## हैदराबाद पुलिस ने कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10 अवैध कच्ची शराब के साथ अभि0 - शिवसरन पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम काजरकोरी थाना हैदराबाद जिला खीरी उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 26/2026 धारा 60 आब अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।



गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का मे उप निरिक्षक अशोक कुमार सिंह चौरी प्रभारी अजान आरक्षी राजू वर्मा, बन्टी सागर,धर्मेन्द्र वर्मा थाना हैदराबाद जनपद खीरी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर शान से फहराया तिरंगा

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र में 77 वें गणतंत्र दिवस के पर्व पर लोगों ने शान से तिरंगा फहराकर आजादी की लड़ाई में जान न्योछावर करने वाले शहीदों को याद किया है। गणतंत्र दिवस के पर्व पर शिक्षण संस्थानों से लेकर सरकारी कार्यालय और निजी भवनों पर लोगों ने शान से तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाया जिसमें स्वर्णिम भारत विरासत और विकास की झलक दिखाई दी है। तहसील परिसर पर एसडीएम , पुलिस कार्यालय पर सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, ब्लॉक मुख्यालय



पर प्रमुख महेंद्र बाजपेई, नगर पालिका कार्यालय में नपाप अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक मयंक बाजपेई, दून पब्लिक स्कूल में प्रबंधक डॉ गुरु मेजर सिंह, यूडीसीए में प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, न्यू एन टी आई पब्लिक स्कूल पर प्रबंधक शाहनवाज खा, टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में प्रबंधक आनंद गुप्ता, ब्रेनिटी पब्लिक स्कूल पर प्रबंधक फरहान खान, पी बी इंटर कॉलेज में प्रबंधक डॉ अब्दुल हमीद, भाजपा कार्यालय पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, और सपा कार्यालय पर डॉ सुरेंद्र सिंह ने तिरंगा फहराकर वतन की रक्षा का संकल्प दिलाया है।

# मानवम फाउंडेशन ने गणतंत्र दिवस पर किया भव्य कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। बस्ती




77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मानवम फाउंडेशन सिक्टहा की ओर से ग्राम सिक्टहा स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया और पूरे परिसर में देशभक्ति का माहौल बन गया। इसके उपरांत विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, कविताएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों का मन मोह लिया, जिन्हें तालियों के साथ उत्साहपूर्वक सराहा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशप्रेम की भावना जागृत करना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाना रहा। इस अवसर पर मेधावी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि छोटे बच्चों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। विद्यालय प्रांगण में बच्चों की खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों और विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर मानवम फाउंडेशन के ट्रस्ट अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह सहित राजेश कुमार पाल, अनुराग पाल, संतोष पाल, सुनील पाल, अतुल पाल, राणा प्रताप सिंह, विजय सिंह, पंकज कुमार, राकेश कुमार, राजकुमार और मलिन कुमार समेत क्षेत्र ह्यके कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में सक्रिय रहे।

# गणतंत्र दिवस पर शिक्षा का संदेश, बच्चों को मिली शैक्षणिक सामग्री

जन एक्सप्रेस। बस्ती



गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विश्वास वृद्धि सेवा संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल की गई। संस्था के प्रबंधक विनोद तिवारी ने ग्राम पंचायत बड़ेरिया कुंवर, विकास खंड हरैया स्थित कंपोजिट विद्यालय एवं श्रीराम जानकी विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बीच स्कूल बैग, कॉपियां और कलम का वितरण किया। शैक्षणिक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कार्यक्रम का उद्देश्य संसाधनों के अभाव को दूर कर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए संबल देना रहा। इस अवसर पर विनोद तिवारी ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, तो वे भी आगे चलकर समाज और देश के लिए बेहतर योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना सच्चा राष्ट्रधर्म है। विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ रानी तिवारी, नितिन सिंह, दीपक यादव, देवेंद्र मिश्रा, रामदेव सिंह, मनीषा सिंह, राजेश धर दुबे, पशुपतिनाथ शुक्ला, मनोज कुमार सिंह, बृजेश कुमार सिंह, कालिंदी पांडे, किरण शुक्ला, रामपाल, कुमारी आकांक्षा सिंह, चंद्रप्रकाश तिवारी, शेषनाथ तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, सुरेश तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, रमेश शर्मा, संदीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# जिला अधिकारी ने संविलियन विद्यालय सदर का किया निरीक्षण पाई खामिया

- संविलियन विद्यालय सदर में रजिस्टर में 109 बच्चे :क्लास में मिले 43, फर्जी उपस्थिति मामले में डीएम के निर्देश पर शिक्षामित्र पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को शहर के संविलियन विद्यालय सदर में बच्चों की फर्जी हाजिरी का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के मंगलवार को किए गए निरीक्षण में रजिस्टर और कक्षाओं की वास्तविक स्थिति में बड़ा अंतर पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और शिक्षामित्र के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। बताते चलें विद्यालय में कुल 166 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। शिक्षामित्र अर्चना द्वारा रजिस्टर में 109 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई थी, लेकिन जिलाधिकारी के निर्देश पर जब भौतिक गिनती कराई गई तो कक्षाओं में केवल 43 बच्चे ही मौजूद मिले। इस भारी अंतर ने विद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।डीएम ने मौके पर मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल संबंधित शिक्षामित्र से स्पष्टीकरण लेने और उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाजिरी में गड़बड़ी के चलते मध्यान्ह भोजन योजना पर भी संदेह जताया गया।जिलाधिकारी ने बच्चों की दर्ज संख्या के अनुसार कन्वर्जन कॉस्ट की जांच कराने और नामित एनजीओ की भूमिका की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद लखीमपुर को आदेश दिया कि पिछले एक माह में जिन बच्चों की उपस्थिति दिखाई गई है, उनका घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कराया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बच्चे वास्तव में विद्यालय में पढ़ रहे हैं या केवल कागजों में नाम दर्ज हैं।निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, परिसर व शौचालयों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।इसके बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर का भी निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। यहां बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर से मेल खा रही थी, कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो रही थीं और मध्यान्ह भोजन योजना भी सुचारू रूप से चल रही थी।

# जनसुनवाई में गूंजी फरियादियों की आवाज, एसपी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 कौस्तुभ द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एसपी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, मारपीट, धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से थाने के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एसपी ने यह भी कहा कि जनसुनवाई शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आमजन को न्याय दिलाना और पुलिस पर विश्वास को मजबूत करना है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

जन एक्सप्रेस। बस्ती




सनातन ग्लोबल स्कूल में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया।रैली के दौरान विद्यार्थियों ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, डॉ. भीमराव अंबेडकर, भारत माता एवं अहिल्याबाई होलकर जैसे महान एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों का रूप धारण कर देश के गौरवशाली इतिहास और सामाजिक मूल्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इन सजीव झांकियों ने बाजार में उपस्थित नागरिकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।छात्रों ने सड़क पर नृत्य, नाट्य और भावात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा देशभक्ति, नारी सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और राष्ट्र निर्माण का प्रभावशाली संदेश दिया। रैली के दौरान देशभक्ति नारों से पूरा हर्रैया बाजार राष्ट्रप्रेम से गूंज उठा।स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों की कला एवं अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह आयोजन न केवल गणतंत्र दिवस के उत्सव को भव्य बनाने वाला रहा, बल्कि समाज में प्रेरणा और जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। इसके बाद विद्यालय प्रबंधक कविता त्रिपाठी ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

# शाहजहांपुर में स्टेट ओपन डेडलिफ्ट चैंपियनशिप मे बी.एस. फिटनेस जिम के मोहम्मदी खिलाड़ियों का रहा दबदबा

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

शाहजहांपुर में आयोजित स्टेट ओपन डेडलिफ्ट चैंपियनशिप का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में शाहजहांपुर सहित आसपास के कई जिलों से आए खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।प्रतियोगिता के दौरान पुरुष एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी ताकत,फिटनेस,अनुशासन और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को खूब प्रभावित किया।प्रतियोगिता मोहम्मदी के बी.एस. फिटनेस जिम से जुड़े खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर अपना दबदबा बनाया। 0- ह्यद्र 52 कैटेगरी में आदित्य सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया,जबकि फ़ैज़ अली ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 60 ह्यद्र 70 किलोग्राम कैटेगरी में हर्षित राजपूत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। मास्टर कैटेगरी में वी एसश राकेश शर्मा और जलीस खान ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत दर्ज की,जबकि सब-जूनियर कैटेगरी (90 ह्यद्र 100+ बॉडीवेट) में प्रख्यात मेहरोत्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा साबित की एवं अमरेंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में मोहम्मदी के खिलाड़ियों ने गोल्ड,सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।विशेष रूप से उल्लेखनीय यह रहा कि सभी विजेता खिलाड़ियों ने बी.एस. फिटनेस जिम के कोच शिवम कुमार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में कड़ा प्रशिक्षण प्राप्त किया,जिसका परिणाम उनकी शानदार सफलता के रूप में सामने आया।कार्यक्रम का संचालन बीएस फिटनेस जिम मोहम्मदी के विषभ मिश्रा द्वारा किया गया,जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से संचालित किया।

# गोला क्षेत्र के कस्बे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस, देशभक्ति में डूबे लोग

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले के सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत जश्न का माहौल देखने को मिला। गणतंत्र दिवस के मौके पर लोग पूरी तरह देशभक्ति में नजर आए।गोला तहसील मे गोला की ऊप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने तहसील प्रागण मे प्रातःकालीन पहुच कर तहसील प्रसासन के अन्य अधिकारियो के साथ ध्वजारोहण रोहण किया।इसके पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सानानियो के परिजनो को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र व मिष्ठान देकर उनको सम्मानित किया। व सभी लोगो को मानव के कर्तब्यो के बारे मे बताकर अपने आस पास कोई निर्बल ,निर्धन,गरीव,भूखा,बीमार आदि कोई ब्यक्ति है तो उसकी मदद करे। इस अवसर पर तहसीलदार भीम सिंह सहित तमाम तहशील प्रसासन व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



इसके साथ ही हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने थाना परिसर मे लगे झंडे का ध्वजारोहण कर सभी पुलिस कर्मियो को श्रृध्धा ,समर्पण, त्याग,अनुशासन, आदि के तहत काम करने की सपध दिलाई, गोला तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर मे ग्राम प्रधान शहनाज व उनके पति शलीम अंसारी ने दोनो उच्च व प्राथमिक विद्यालय मे पहुचकर ध्वजारोहण रोहण कर बंदे मातरम व भारत माता के जयकारे लगाये। ऐसे साथ ही कोटबारा राज के प्रधान सुशील वर्मा ने विद्यालय पहुच कर ध्वजारोहण किया इस अवसर पर बच्चो ने रंगा रग प्रोगामो का आयोजन किया।

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
वर्षा शुक्ला- ग्राम प्रधान
रामकिशोर- सचिव
ग्राम पंचायत शिवनगर
पुरनपुर पीलीभीत

गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएँ
दुष्यन्त सिंह परिहार
(रज्जन भैय्या)
जिला पंचायत सदस्य हमीरपुर

गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएँ
मयंक चन्देल
थानाध्यक्ष चिकासी
दिनेश पाण्डेय
प्रभारी निरीक्षक
थाना जरिया
अजीत सिंह
थानाध्यक्ष जलालपुर
शाहरुख खान
सीओ, सरीला

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
शंकर खाद भंडार
शंकर मार्बल
बीसलपुर रोड, पीलीभीत...
सुहाग शोरूम
जेपी रोड, पीलीभीत

सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नवनीत सक्सेना
प्रधान प्रबंधक
विजयपाल वर्मा
प्रधान प्रबंधक
शराब व्यवसाय पीलीभीत

जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएँ
के.के.सरोज
प्रधानाचार्य
भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज
उतरौला बलरामपुर

जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएँ
संजय कसौधन
(गुरुकुल)
अध्यक्ष-गुरुकुल सेवा समिति
तुलसीपुर बलरामपुर. मो0-8858714151

समस्त अभिभावकों, अध्यापकों, छात्र/छात्राओं
एवं
नगरवासियां को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सेंट जेवियर्स
सीनियर सेकेंडरी स्कूल
बलरामपुर
सेंट जेवियर्स
डिजनी वर्ल्ड स्कूल
बलरामपुर
26 January REPUBLIC DAY
सुयश कुमार
निदेशक

जहाँ बनते है समृद्धि के मोती
LITTLE ANGEL PUBLIC SCHOOL
Mob. 8853720380, 9838705404
- Well qualified & inspiring faculty.
- Good study environment.
- Audio, visual & play way method of teaching.
- Providing basic computer knowledge.
- Transport facility is available.
- Stem classes with good study environment
- Air condition & well furnished class room.
New Admission Open For Nursery to VIII YEAR-2024
KALU KUWAN BABERU ROAD, BANDA

मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता खुद शोर मचा दे ।
सुदिती ग्लोबल एकेडमी, मैनपुरी
को उत्तर प्रदेश का नं. 1
एवं भारत का नं. 2 दैनिक एवं आवासीय
विद्यालय बनाने के लिये समस्त
अभिभावकों का बहुत – बहुत आभार
डॉ. रामोहन | डॉ. कुसुम मोहन | डॉ. लव मोहन
Suditi GLOBAL ACADEMY
Website: www.suditiglobalacademy.com Mob: 7060640111
Address:- Devi Bypass Road, Suditi Nagar, Mainpuri (UP) 205001

गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएँ
नफीस अहमद अंसारी
जिला महासचिव समाजवादी पार्टी
पीलीभीत 127 विधानसभा क्षेत्र पीलीभीत

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशान्त कुमार रवि
प्रत्याशी जिला पंचायत वार्ड 22, 23

जन एक्सप्रेस पीलीभीत
परिवार की ओर से
समस्त जनपद वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार (ब्यूरो चीफ)
मो. 8433100944
अतिनेश शुक्ला
तहसील प्रभारी पूरनपुर
अरुणेश कुमार सिंह
संवाददाता पूरनपुर

समस्त जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 आस्था अग्रवाल
अध्यक्ष - नगर पालिका परिषद, पीलीभीत
अपील
- नगर पालिका को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें।
- अपने घर का कूड़ा सड़कों पर न डालें।
- जन्म मृत्यु का पंजीयन समय से करायें एवं भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
- पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
- समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में अपना सहयोग करें।

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ
किसान हित में उत्तर प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला
- सट्टे से अधिक खड़े गन्ने का होगा संयुक्त सर्वे
- 20 जनवरी से 05 फरवरी 2026
- मिल, विभाग की Joint Team
- पूरा गन्ना पेराई में जाएगा।
- पेराई योग्य गन्ना पेरने के बाद ही मिल बंद होगी।
- किसान निश्चिंत रहें आदेश किसान के पक्ष में।
खुशीराम भार्गव
जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत.

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
कविता शाह- ग्राम प्रधान
सुरेश चंद्र वर्मा- सचिव
ग्राम पंचायत जटपुरा
पुरनपुर पीलीभीत

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
ओमबती प्रधान
विजय कुमार सचिव
ग्राम पंचायत सिरसा पूरनपुर पीलीभीत

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
राधेश्याम राय दिनकर- प्रधान
प्रेमशंकर-सचिव
ग्राम पंचायत श्रीनगर
पूरनपुर, पीलीभीत

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
कृपा शंकर ग्राम प्रधान
राहुल कनौजिया सचिव
ग्राम पंचायत केशवपुर
पुरनपुर, पीलीभीत

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
शिवपाल सिंह ग्राम प्रधान
अतुल कुमार सचिव
ग्राम पंचायत मोहनपुर
जपती पुरनपुर, पीलीभीत

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
गंगाराम (प्रधान)
विजय पासवान (सचिव)
ग्राम पंचायत भोपतपुर, पूरनपुर

जनपद पीलीभीत में
टैली का एकमात्र मान्यता प्राप्त संस्थान
Center Code UP-26
JOB चाहिए ?
Become an Expert in Accounting, GST & Taxation
Diploma in Financial Accounting (DFA)
टैली बेंगलोर द्वारा सर्टिफिकेट व जॉब सपोर्ट
DCA, ADCA, DFA, ADFA, COA, DTP, TALLY
SUMAN COMPUTER INSTITUTE
9837463672, 9548880329

सड़क नियमों का पालन करेंगे हम,
ज़िंदगी में खुशियों के रंग भरेंगे हम।
जनहित में जारी
वाहन चलाते समय इन नियमों का पालन करें :-
- वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।
- दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने।
- चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगायें।
- शराब पीकर वाहन न चलाएं।
- भारी वाहनों में पीछे रिफ्लेक्टर लगाएं।
- तीन सवारी बैठाकर दो पहिया वाहन न चलाएं।
- यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।
वीरेन्द्र सिंह
ए.आर.टी.ओ., पीलीभीत

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
बहु-उद्देशीय प्राथमिक
ग्रामीण सहकारी समिति
लि० (बी, पैक्स) घाटमपुर
वि.खं, पूरनपुर (पीलीभीत)
पोथी राम- अध्यक्ष
भगवत शरण- सचिव

गणतंत्र दिवस
की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
बहु-उद्देशीय प्राथमिक
ग्रामीण सहकारी समिति
लि० (बी, पैक्स) सिकरहना
वि.खं, पूरनपुर (पीलीभीत)
पंकज सिंह-अध्यक्ष
हरवीर सिंह-सचिव